उज्जैन
शुक्रवार
27
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-116
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



श्रद्धा कपूर ने जुहू घर की लीज बढ़ाई हर महीने देंगी 6 लाख रुपए किराया 12 महीने की डील 72 लाख की बनी

पेज- 8

## इंदौर में जहरीली गैस फैली

### 5 की तबीयत बिगड़ी, लोगों को सांस लेने में परेशानी, उल्टियां हुईं, घरों से बाहर निकले







**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इंदौर

इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार रात अमोनिया गैस के रिसाव से इलाके में हड़कंप मच गया। गैस के असर से कुछ लोगों को सांस लेने में दिक्कत हुई, जिसके बाद दो महिलाओं समेत पांच लोगों को एहतियातन अस्पताल भेजा गया।

प्रशासन के मुताबिक सभी की हालत स्थिर है और कोई भी गंभीर नहीं है। सीएमएचओ डॉक्टर माधव हसनी ने बताया कि पांचों की हालत ठीक है। डीसीपी आनंद कालादगी ने बताया कि ककतपुरा पुल के नीचे शहजाद नाम के एक कबाड़ी द्वारा सिलेंडर काटा जा रहा था। इसी दौरान उसमें से अमोनिया गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस फैलते ही आसपास मौजूद लोगों को घबराहट और सांस लेने में परेशानी महसूस होने लगी। डीसीपी ने स्पष्ट किया कि इस घटना में कोई भी व्यक्ति गंभीर रूप से प्रभावित नहीं हुआ है। सभी लोग सुरक्षित हैं। पुलिस ने कबाड़ी शहजाद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

#### कबाड़ी गैस सिलेंडर काट रहा था

एक कबाड़ी की दुकान पर गैस से भरा सिलेंडर लाया गया था। बताया जा रहा है कि कबाड़ी सिलेंडर को काट रहा था, उसी दौरान उसमें भरी गैस रिसने लगी। गैस फैलते ही आसपास के लोगों को घबराहट और सांस लेने में परेशानी होने लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कबाड़ी को हिरासत में ले लिया। दमकल विभाग की टीम ने सिलेंडर को अपने कब्जे में लेकर मौके से हटाया। क्षेत्र में पानी का छिड़काव भी किया गया, जिसके बाद हालात काबू में आए।

## अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर हमला

### दावा- 55 सैनिकों की मौत, 19 चौकियों पर कब्जा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ इस्लामाबाद

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर गुरुवार देर रात हमला किया। कुनार प्रांत में तालिबान लड़ाकों के हमले में पाकिस्तानी सेना के 55 सैनिक मारे गए। यह जानकारी टोलो न्यूज ने तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद के हवाले से दी।

अफगान सरकार का दावा है कि 23 पाकिस्तानी सैनिकों के शव उनके पास हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वॉर्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया गया है। अफगानिस्तान के डिप्टी स्पोक्सपर्सन हमदुल्ला फितरत ने कहा कि कुछ पाकिस्तानी सैनिकों को जिंदा पकड़ लिया गया, जबकि कई हथियार, एक टैंक और एक हार्वेस्टर जब्त किया गया है। वहीं, पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक जवाबी कार्रवाई करते हुए पाक सरकार ने ऑपरेशन 'गजब लिल हक' शुरू किया है। पाकिस्तान की वायुसेना ने काबुल, नंगरहार प्रांत समेत कई शहरों में एयरस्ट्राइक की। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान के हमले अभी भी जारी हैं। पाकिस्तान सरकार का दावा है कि अब तक 133 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हैं। 27 तालिबान चौकियां तबाह कर दी गई हैं और 9 पर कब्जा कर लिया गया है।

## कनाडाई प्रधानमंत्री आज 4 दिन के दौरे पर भारत पहुंचेंगे

**नई दिल्ली/ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी आज 4 दिन के दौरे पर भारत पर पहुंच रहे हैं। इस दौरे का मकसद भारत और कनाडा के बीच व्यापार, ऊर्जा, तकनीक और रक्षा जैसे क्षेत्रों में नए साझेदारी को मजबूत करने पर फोकस करना है। प्रधानमंत्री के तौर पर मार्क कार्नी का यह पहला भारत दौरा है। कनाडा में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कार्नी मुंबई में बिजनेस लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इस दौरान इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग में निवेश पर चर्चा होगी। कार्नी की भारत यात्रा से पहले कनाडा के अधिकारी अब भारत पर लगाए गए कुछ गंभीर आरोपों से पीछे हटते नजर आ रहे हैं।



## अनिल अंबानी पर 2,220 करोड़ की धोखाधड़ी का नया केस

**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ सीबीआई ने धोखाधड़ी का एक नया मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसी का आरोप है कि अनिल अंबानी और उनकी कंपनी ने साल 2013 से 2017 के बीच बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ 2,220 करोड़ रुपए से ज्यादा की धोखाधड़ी की है। बैंक की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने गुरुवार को अनिल अंबानी के घर और रिलायंस कम्युनिकेशन के दफ्तरों पर छापेमारी की, जहां से लोन ट्रांजैक्शन से जुड़े कई अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। इससे पहले अनिल अंबानी आज एक अन्य मामले में ईडी के सामने पेश हुए, जांच एजेंसी ने उनसे करीब 9 घंटे पूछताछ की। वह कल फिर पेश होंगे।

## यह इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं, शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा

**नई दिल्ली।** नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को यूथ कांग्रेस मेंबर्स के खिलाफ एक्शन पर राहुल ने पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार और नॉर्थ कोरिया के तानाशाही शासन एक जैसा है। ये इंडिया है, नॉर्थ कोरिया नहीं। राहुल ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट डेमोक्रेसी की आत्मा है। यह कोई अपराध नहीं है। उन्होंने पूछा- जब आदिवासी अपने जल, जंगल, जमीन के हक के लिए खड़े हुए, तो उन पर भी शक की नजर डाली गई। यह कैसा लोकतंत्र है, जहां पीएम सवालों से डरते है?



## जेएनयू में प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पत्थर-जूते फेंके

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट यूनियन के प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली पुलिस पर पत्थर फेंके, पुलिसवालों को दांत से काटा और जूते फेंके। पुलिस ने कहा कि इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। पुलिस ने इसके बाद कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन यूजीसी रेगुलेशन लागू करने की मांग को लेकर मार्च निकाल रहा था। ये मार्च शिक्षा मंत्रालय तक निकाला जाना था लेकिन पुलिस ने इसे बीच में ही रोक दिया। पुलिस का आरोप है कि मार्च रोकने के बाद कुछ प्रोटेस्टर्स ने उनपर हमला कर दिया। इसके बीच यूनिवर्सिटी का भी बयान आया। जेएनयू ने कहा कि यह मांग माननीय सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का उल्लंघन है जिसने रेगुलेशन पर स्टे जारी किया था।

## स्कूलों से ड्रॉपआउट के मुद्दों पर हंगामा

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ भोपाल

मप्र के सरकारी स्कूलों में बच्चों का नामांकन लगातार कम हो रहा है। 2015-16 से 2024-25 के बीच कक्षा 1 से 12वीं तक के नामांकन में 22.03 लाख तक कमी दर्ज की गई है। विधायक प्रताप ग्रेवाल के सवाल पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि नामांकन में गिरावट की वैज्ञानिक जांच के लिए 8 मई 2025 को 'अटल बिहारी सुशासन संस्थान' को पत्र लिखा गया था।

हैरानी की बात यह है कि विभाग द्वारा रिमाइंडर के बावजूद 10 महीने बीत जाने पर भी संस्थान ने अब तक कार्ययोजना पेश नहीं की है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि विभाग 'कागजी छात्र' दिखाकर अपनी पीठ थपथपा रहा है और असली आंकड़ों को छिपाकर हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार किया जा रहा है। विपक्ष का आरोप है कि गिरावट का खेल साल 2008-09 से ही शुरू हो गया था, लेकिन सरकार केवल 2015-16 के बाद के समय की जांच करा रही है। आंकड़ों के अनुसार, 2008 से 2015 के बीच ही 40.62 लाख बच्चे कम हो चुके थे, जिसे जांच में शामिल नहीं किया गया है। विधायक ने इस पूरे मामले को शिक्षा के नाम पर हो रहे बड़े 'घोटाले' से जोड़ते हुए इसकी सीबीआई जांच और सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ अलीगढ़

क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार सुबह करीब 4.36 बजे निधन हो गया। वे 60 साल के थे। उन्हें फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर था। कुछ दिन पहले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अलीगढ़ से ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। पिता की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही रिंकू सिंह मंगलवार को टीम इंडिया का साथ छोड़कर चेन्नई से सीधे नोएडा पहुंचे थे।

## शंकराचार्य यौन उत्पीड़न केस में आज सुनवाई

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ प्रयागराज

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया है। शुक्रवार को जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की सिंगल बेंच में मामले की सुनवाई करेगी। शंकराचार्य ने गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी।

दरअसल, तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने 173 (4) के तहत जिला कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। जज (रेप एंड पोक्सो स्पेशल कोर्ट) विनोद कुमार चौरसिया के आदेश के बाद झूंसी थाने की पुलिस ने



एफआईआर दर्ज की थी। इस बीच, शंकराचार्य के वकील श्रीनाथ त्रिपाठी को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अजीत को पुलिस ने करीब 20 घंटे बाद जंसा थाना क्षेत्र के रेसीपुर से पकड़ा। आरोपी लॉ का छात्र है। वाराणसी कचहरी में ही प्रैक्टिस करता है। आरोपी ने पूछताछ में बताया- पड़ोसी को फंसाने के लिए यह मैसेज भेजा था।

## बिजली के दामों में 10 फीसदी वृद्धि संभव


**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

### घाटे का हवाला देकर दरों में वृद्धि कर आम उपभोक्ताओं को महंगे बिलों का झटका देती रही है बिजली कंपनियां

प्रदेश की तीनों बिजली कंपनियां घाटे का हवाला देकर दरों में वृद्धि कर आम उपभोक्ताओं को महंगे बिलों का झटका देती रही है। इस बार भी इन कंपनियों ने 6 हजार 44 करोड़ रुपए के घाटे की भरपाई के लिए आयोग के समक्ष याचिकाएं दायर की है। वैसे तो तीनों कंपनियों के घाटे का आंकड़ा 42 हजार करोड़ तक जा पहुंचा है। आयोग के पास दर्ज आपत्तियों की सुनवाई मंगलवार से शुरू हो गई है। 1 अप्रैल से बिजली के दामों में 10 फीसदी या उससे भी अधिक वृद्धि संभव है। दरअसल, बिजली कंपनियों के अनावश्यक खर्च के कारण प्रदेश में बिजली महंगी हो रही है। जानकारों का कहना है कि अगर कंपनियां अनावश्यक खर्च बंद कर दें तो बिजली 15 प्रतिशत तक सस्ती हो सकती है।

प्रदेश में बिजली दरों में प्रस्तावित बढ़ोतरी को लेकर असंतोष तेज हो गया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिजली कंपनियों द्वारा 10.20 प्रतिशत टैरिफ वृद्धि के प्रस्ताव पर मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने जनसुनवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंगलवार को हुई पहली सुनवाई में पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से जुड़े उपभोक्ताओं, विशेषज्ञों और औद्योगिक प्रतिनिधियों की आपत्तियां सुनी गई। कुल 14 आपत्तियां दर्ज हुई, जिनमें से 10 आवेदकों ने अपना पक्ष रखा और तीन लोगों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आयोग के समक्ष तर्क प्रस्तुत किए। सुनवाई में सबसे प्रमुख आपत्ति एमपी जेनको के सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेंद्र अग्रवाल ने दर्ज कराई। उन्होंने आयोग को बताया कि बिजली कंपनियां यदि अपने अनावश्यक और अनियंत्रित खर्चों पर अंकुश लगाएं तो उपभोक्ताओं पर दर वृद्धि का बोझ डालने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। उनके अनुसार वित्तीय प्रबंधन में सुधार और खर्चे की युक्तिसंगत समीक्षा से बिजली दरों में 10.20 प्रतिशत वृद्धि की बजाय है। उन्होंने यह भी कहा कि हर वर्ष टैरिफ बढ़ाने की प्रवृत्ति कंपनियों की कार्यप्रणाली की कमजोरी को दशार्ती है। अग्रवाल ने स्मार्ट मीटर परियोजना पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना था कि स्मार्ट मीटर के नाम पर लगभग 820 करोड़ रुपये की वसूली का प्रस्ताव अनुचित है।





## खबर एक नजर...

### मंगेतर ने किया नाबालिक से अनैतिक कृत्य

**उज्जैन।** सगाई के बाद मंगेतर ने नाबालिक का एक माह तक शोषण किया और अनैतिक कृत्य करता रहा। कुछ दिनों पहले मंगेतर ने शादी से मना कर दिया और उनके बीच बने संबंध के बारे में किसी को भी बताने पर धमकी देने लगा। नाबालिक की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि कस्बे की रहने वाली नाबालिग ने परिजनों के साथ आकर शिकायत दर्ज कराई की वर्ष 2023 में उसकी सगाई विकास पिता अन्तरसिंह निवासी ग्राम लडावत जिला शाजापुर के साथ हुई थी। सगाई के पश्चात दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती थी। 5 नवम्बर 2025 को परिजन उपचार के लिये बाहर गये थे वह घर पर अकेली थी। उसी दौरान विकास ने घर आकर उसके साथ इच्छा के विरुद्ध अनैतिक कृत्य किया तथा घटना किसी को बताने पर सगाई तोड़ने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने लगभग एक माह तक अवसर पाकर लगातार जबरन शारीरिक शोषण किया। अब शादी से मना कर धमकी दे रहा है। नाबालिक की शिकायत पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार को एक टीम शाजापुर भेजी गई जहां से आरोपी को गिरफ्तार कर लाया गया है। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### उज्जैन में सनातन एकता के लिए संत समाज की रैली



**उज्जैन।** उज्जैन में गुरुवार को संत समाज ने सनातन धर्म की एकता और संगठन का संदेश देने के उद्देश्य से एक वाहन रैली निकाली। यह रैली ऋण मुक्तेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों और पिपली नाका चौराहा से गुजरते हुए निर्धारित कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इसमें दोपहिया और चारपहिया वाहनों सहित लगभग 100 वाहन शामिल हुए। रास्ते भर संतों और उनके अनुयायियों का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के भाई बबलू यादव ने संत समाज का सम्मान करते हुए उन्हें शाल और श्रीफल भेंट किए।कार्यक्रम स्थल पर अखिल भारतीय सनातन परिषद के संभागीय अध्यक्ष संत महावीर नाथ भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह रैली सनातन धर्म की एकता और संगठन का प्रतीक है। भरतरी गुफा के गादीपति योगी पीर रामनाथ महाराज ने बताया कि रैली सर्व सनातन समाज को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से निकाली गई थी। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज, साधु-संतों और शहर के प्रमुख नागरिकों ने एकजुट होकर इसमें सहभागिता की। रैली ऋणमुक्तेश्वर मंदिर क्षेत्र से होते हुए राजा राम रिसॉर्ट तक पहुंची, जहां संतों का सम्मान किया गया।

### अब 19 की बजाय 18 मार्च को होगा दीक्षांत समारोह

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय का 30वां दीक्षांत समारोह अब 19 मार्च की बजाय 18 मार्च होगा। राजभवन से तारीख मिलने के बाद दीक्षांत समारोह को एक दिन पहले 18 मार्च को करने की अधिसूचना जारी की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा चार वर्षों से गुड़ी पड़वा पर दीक्षांत समारोह का आयोजन होते आ रहा है। इस बार भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन 19 मार्च को 30वां दीक्षांत समारोह आयोजित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई थी।

# सिंहस्थ में घाट से 2 किमी क्षेत्र में होगी पार्किंग

## मेले की उल्टी गिनती शुरू, मीटिंग में निर्णय, 7 लाख से अधिक वाहनों के लिए तैयार होगी पार्किंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ मेला कार्यालय में गुरुवार को अधिकारियो ने आगामी सिंहस्थ मेले में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाई जाने वाले पार्किंग के लिए 3 घंटे से अधिक समय तक बैठक की। बैठक में निर्णय लिया गया की अपने वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं को ज्यादा पैदल चलना नहीं पड़े इसके लिए प्लान तैयार किया जा रहा है। प्लान के तहत श्रद्धालु के लिए नदी घाट से करीब 2 किमी परिधि में ही पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बैठक में दिए गए निर्देश के बाद सिंहस्थ 2028 के लिए उल्टी गिनती लगभग शुरू हो चुकी है। इसके लिए अधिकारियों ने भी माइक्रो प्लानिंग शुरू कर दी है। सभी फोर लेन और सिक्स लेन के पास जो मार्ग उज्जैन से जुड़ रहे हैं पार्किंग की व्यवस्था का प्लान किया गया है। इसमें 12 से अधिक पार्किंग स्थलों को चयनित कर लगभग 5 से 7 लाख वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। संभावित प्लान अनुसार लेवल वन पार्किंग पर लगभग 1 लाख वाहन ,लेवल 2 पार्किंग पर लगभग 2 से 3 लाख गाड़ियां और लेवल 3 पार्किंग पर तीन से चार लाख वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इंदौर रोड पर, बड़नगर रोड पर, गरोठ रोड के पास और आगर रोड के पास भी पार्किंग की व्यवस्थाओं के लिए स्थल चयनित किए जा रहे हैं।



**1-2 दो किलोमीटर की रेंज में होगी पार्किंग-** बैठक में इंदौर और देवास की ओर से आने वाले यातायात, बडनगर, बदनावर से आने वाले यातायात, उसकी भीड़ प्रबंधन के लिए वाहनों की व्यवस्था पर गंभीर चिंतन किया गया। इसके साथ ही गरोठ रोड, आगर और मक्सी की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भी मंथन हुआ है। सिंहस्थ में किस प्रकार से वाहनों को मेला क्षेत्र में आने से पहले लेवल वन पार्किंग, लेवल 2 पार्किंग और लेवल 3 पार्किंग किस प्रकार से रखी जाए। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि पार्किंग का स्थल नदी घाट से 2 किलोमीटर से अधिक ना रहे, जहां तक संभव हो श्रद्धालुओं को 1 से 2 किलोमीटर के परिधि क्षेत्र में ही पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध हो सके।

### बैठक में हुए कई निर्णय


यातायात को सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए भी अंडरपास बनाए जाने के निर्देश भी दिए गए हैं। यातायात सुचारू बनाए रखने के लिय वैकल्पिक मार्गों के साथ जोड़ा जाए, जिससे भीड़ प्रबंधन और बेहतर तरीके से हो सके। देवास और इंदौर मार्ग के बीच अन्य वैकल्पिक मार्ग भी बनाए जा रहे हैं। इसी के साथ बड़नगर और इंदौर पहुंच मार्ग के वैकल्पिक रूट भी व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए हैं। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने बताया कि सुनिश्चित किया जा रहा है कि उज्जैन को जोडने वाले फोर लेन, सिक्स लेन बाईपास एवं अन्य मार्गों के पास ही पार्किंग व्यवस्था रखी जाए, जिससे श्रद्धालुओं को पार्किंग भी आसानी से उपलब्ध हो और साथ ही अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी जाएं। बैठक में एडीजी राकेश गुप्ता ने बताया कि पिछले सिंहस्थ के अनुभव को देखते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि लोग शीघ्रता से घाट पर पहुंच जाएं और पार्किंग व्यवस्था पर ही अन्य सभी सुविधाएं श्रद्धालुओं को उपलब्ध हो जाए जिससे वे स्नान करके तुरंत गंतव्य के लिए रवाना हो सके।

# चरक अस्पताल भवन एक घंटे अंधेरे में डूबा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल चरक भवन में गुरुवार सुबह अचानक बिजली गुल हो गई। इस दौरान जेनरेटर चलाने के लिए डीजल भी नहीं था। इस कारण अस्पताल में करीब एक घंटे अंधेरा छाया रहा। लोगों को आने-जाने और वार्डों में मोबाइल के फ्लैश का उपयोग करना पड़ा। बिजली गुल होने से कई लोग लिफ्ट में फंस गए, तो सोनोग्राफी एवं ओपीडी सेवाएं भी पूरी तरह ठप रहीं।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 9:30 बजे अस्पताल की विद्युत आपूर्ति अचानक बंद हो गई। उस समय बड़ी संख्या में मरीज ओपीडी में मौजूद थे, कई मरीज वार्ड में भर्ती थे और कुछ की सोनोग्राफी होनी थी। बिजली न होने से पर्ची कटना, जांच और अन्य जरूरी सेवाएं रुक गईं।



**जनरेटर भी नहीं चला-** हैरानी की बात यह रही कि बैकअप के लिए लगे जनरेटर में डीजल नहीं था, जिससे आपात स्थिति में भी बिजली बहाल नहीं हो सकी। करीब एक घंटे बाद सप्लाई शुरू होने पर अस्पताल का कामकाज सामान्य हो पाया। नागदा से आए बुजुर्ग जगदीश ने बताया कि उन्हें ऊपरी मंजिल पर पैर दिखाने जाना था, लेकिन लिफ्ट बंद होने और सीढ़ियां चढ़ने में असमर्थ होने के कारण वे नीचे ही बैठे रहे। वहीं उज्जैन की सारिका ने बताया कि आधे घंटे से अधिक समय तक मोबाइल की टॉर्च के सहारे काम चलाना पड़ा और ओपीडी की पर्ची तक नहीं कट पा रही थी।

**प्रबंधन ने कही ये बात-** अस्पताल की मैनेजर हिमांगी चौहान ने बताया कि बिजली लाइन में फॉल्ट आ गया था और इसकी सूचना मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी (एमपीईबी) को दे दी गई थी। उनका कहना है कि अब बिजली सप्लाई बहाल हो चुकी है। जनरेटर में डीजल खत्म होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि डीजल की मांग आने पर मंगवा लिया जाता है, आज यह क्यों खत्म हुआ इसकी जांच कराई जा रही है। बिजली गुल होने की इस घटना ने अस्पताल की आपात व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर तब जब यहां रोजाना सैकड़ों मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

# महाकाल लोक के सामने होटल में आग



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में बुधवार देर रात महाकाल लोक के सामने स्थित एक होटल में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते होटल में ठहरे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग से होटल में भारी नुकसान हुआ है।

घटना जयसिंहपुरा क्षेत्र स्थित संतोष पैलेस होटल की है। बुधवार रात करीब 11:30 बजे होटल की तीसरी मंजिल पर आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठता देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही चार दमकल वाहन मौके पर पहुंचे।

फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों, महाकाल थाना पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के लिए फायर एक्सटिंगुइशर का भी उपयोग किया गया।


महाकाल थाना टीआई गगन बादल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की जाएगी। फायर अधिकारी एलपी साहू ने बताया कि चार दमकल वाहन भेजे गए थे, लेकिन दो गाड़ियों से ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया। आग लगने की घटना सबसे पहले कुछ स्थानीय मुस्लिम युवाओं ने देखी। उन्होंने तुरंत होटल प्रबंधन और क्षेत्रवासियों को सूचना दी।

# महाशिवरात्रि के बाद भव्य शिव बारात, शाही रिसेप्शन भी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के तहत एक भव्य शिव बारात निकाली गई। इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। यह बारात पिछले 26 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है।

बारात नगरकोट स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई और छत्री चौक, गोपाल मंदिर सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रिसेप्शन स्थल तक पहुंची। इस शिव बारात की खासियत यह रही कि इसमें शास्त्रों में वर्णित शिव बारात की झलक को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया।



**हजारों श्रद्धालुओं ने लिया हिस्सा, 26 वर्षों से हो रहा आयोजन**

श्रद्धालु अलग-अलग स्वरूपों में सजे हुए नजर आए, जिनमें नंदी, भूत-प्रेत और गणों के वेश शामिल थे। महाकाल जी की पालकी, हाथी, घोड़े, बग्गियां और भूत मंडली बारात के मुख्य आकर्षण थे। डीजे की धुन पर भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। रास्ते में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर शिव-पार्वती विवाह का प्रतीकात्मक रिसेप्शन आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए गए थे। शहरभर में पत्रिकाएं बांटकर और पीले चावल के साथ न्योता देकर नागरिकों को इस आयोजन में आमंत्रित किया गया था।

समाजसेवी राजेश बाथम ने बताया कि यह आयोजन महाकालेश्वर मंदिर की शिवरात्रि के माह में रक्तसेन आरती और रक्त भंडार द्वारा किया जाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि पिछले 26 वर्षों से लगातार निकल रही इस शिव बारात में हर साल श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है।

धर्मनगरी उज्जैन में आज बाबा महाकाल के 26वें शाही रिसेप्शन का भव्य आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि के बाद आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। कार्यक्रम का आयोजन महाकाल आरती परिवार द्वारा नरसिंह घाट के सामने स्थित कुमावत धर्मशाला में किया गया। दोपहर से ही महिला संगीत, भजन और धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत हो गई थी। शाम को शाही बारात नगरकोट क्षेत्र से निकली, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। बारात में प्रतीकात्मक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। रिसेप्शन के दौरान भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायकों ने प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन के अंत में श्रद्धालुओं के लिए विशाल नगर भोज रखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

उज्जैन
शुक्रवार
27
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

वाणी रसवती यस्य,यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मीः दानवती यस्य,सफलं तस्य जीवितं।।

**अर्थः** जिस व्यक्ति की वाणी मधुर होती है, जिसका हर कार्य परिश्रम से भरा होता है और जिसका धन दान आदि में लगाया जाता है, उस व्यक्ति का जीवन सही मायनों में सफल होता है।

## खबर एक नजर...

### कोरोना का क्लेम ठुकराना पड़ा भारीःबीमा कंपनी को 4 लाख का देने का आदेश

**इंदौर।** 5 पांच साल पहले महू कांग्रेस के पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए और हॉस्पिटल में एडमिट करना पड़ा। इलाज के दौरान स्टार हेल्थ कंपनी ने पौने तीन लाख का मेडिक्लेम रिजेक्ट कर दिया। कंपनी का तर्क था कि दरबार को पहले से हार्ट की तकलीफ थी और पॉलिसी में यह तथ्य छिपाया गया है। कंपनी के इस रवैये के खिलाफ दरबार ने जिला उपभोक्ता फोरम की शरण ली। करीब तीन साल तक फोरम में केस चला जिसमें फोरम ने दरबार के तथ्यों को मजबूत आधार मानते हुए स्टार हेल्थ को आदेश दिया है कि वह उन्हें 45 दिनों में इलाज की राशि 2.78 लाख ब्याज सहित चुकाएं। यह राशि 6% के ब्याज सहित करीब 4 लाख है जो कंपनी को देनी होगी। खास बात यह कि तब कंपनी ने कोरोना मरीजों के लिए स्पेशल एक पॉलिसी लॉन्च की थी जिसे दरबार ने सुरक्षा बतौर ली थी लेकिन फिर कंपनी ने मेडिक्लेम देने से इसलिए मना कर दिया था कि उन्हें पहले से हार्ट की बीमारी थी जो पॉलिसी में कवर नहीं है। दरअसल स्टार हेल्थ ने कोरोना महामारी के दौरान ह्यकोरोना कवच पॉलिसीह्ण लॉन्च की थी। इसमें 5 लाख रु. तक के इलाज कराने का नियम था। मामले में दरबार ने 20 अगस्त 2020 को यह पॉलिसी ली थी जो 1 जून 2021 तक प्रभावशाली थी। दरबार ने इसके लिए 2691 रु. की प्रीमियम अदा की थी।

### होली पर इंदौर-खड़की के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**इंदौर।** होली के त्योहार पर बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने इंदौर से खड़की (पुणे) के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू करने का ऐलान किया है। गाड़ी नंबर 09324/09323 इंदौर-खड़की-इंदौर स्पेशल ट्रेन स्पेशल किराए पर चलेगी, जो यात्रियों को महाराष्ट्र की ओर आसान सफर मुहैया कराएगी। मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के मुताबिक, यह ट्रेन होली के दौरान अतिरिक्त भीड़ संभालने के लिए विशेष रूप से संचालित की जा रही है। ट्रेन में एसी-2 टियर, एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास के कोच शामिल होंगे। दोनों दिशाओं में ट्रेन देवास, उज्जैन, नागदा, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण और लोनावाला स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन नंबर 09324 की बुकिंग 27 फरवरी 2026 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। यह नई ट्रेन न केवल होली यात्रियों के लिए फायदेमंद साबित होगी, बल्कि मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच कनेक्टिविटी को भी मजबूत करेगी।

### इंदौर की कुकी मिस्त्री व-15 राष्ट्रीय कुश्ती में दिखाएंगी दम

**इंदौर।** मध्यप्रदेश की ओर से तमिलनाडु में आयोजित होने वाली व-15 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में इंदौर शहर की प्रतिभावान पहलवान निधिका उर्फ कुकी मिस्त्री हिस्सा लेंगी। यह प्रतियोगिता 26, 27 और 28 फरवरी 2026 को तमिलनाडु के सलेम शहर में आयोजित की जा रही है। कुकी 58 किलोग्राम वजन वर्ग में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इंदौर के ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की खिलाड़ी कुकी मिस्त्री को प्रतियोगिता के लिए रवाना करते समय सेंटर के पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने उनका सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सेंटर के मुख्य संरक्षक विधायक मधु वर्मा, अध्यक्ष कमल वर्मा, संचालक नरेश वर्मा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर नारी शक्ति के रूप में ममता वर्मा, रूपमती वर्मा, स्नेह वर्मा, सीमा राठौर, प्रीति मिस्त्री, अंजली वर्मा और अभिलाष वर्मा ने भी कुकी का उत्साहवर्धन किया।

#### 626 करोड़ मुआवजा मंजूरः 20 गांवों के 662 परिवारों को मिलेगा लाभ

# इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क का काम जल्द

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क का काम जल्द प्रारंभ होने जा रहा है। आगामी सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए इस प्रोजेक्ट को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भूमि अधिग्रहण के बदले उचित मुआवजा मिलने और निर्माण संबंधी समस्याओं के निराकरण के बाद प्रभावित किसानों और भू-स्वामियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया।

किसानों ने गुरुवार को रेसीडेंसी कोठी पहुंचकर कलेक्टर शिवम वर्मा को साफा पहनाया और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके माध्यम से मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता जताई। किसानों ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मिला मुआवजा उनके लिए आर्थिक रूप से सहायक सिद्ध होगा और क्षेत्रीय विकास में भी अहम भूमिका निभाएगा।



### औद्योगिक, व्यापारिक और धार्मिक पर्यटन को गति

सिंहस्थ और औद्योगिक विकास को मिलेगा बढ़ावा यह सड़क बेहतर और सुगम आवागमन सुनिश्चित करेगी तथा औद्योगिक, व्यापारिक और धार्मिक पर्यटन को गति देगी। सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान भी यह मार्ग महत्वपूर्ण साबित होगा। परियोजना में दोनों ओर सर्विस रोड, अंडरपास और आवश्यक डक्ट निर्माण का प्रावधान रखा गया है, जिससे यातायात सुरक्षित और व्यवस्थित रहेगा। इस अवसर पर अंजुम पटेल, भेरु सिंह राठौड़, संदीप चौधरी, देव चंदेल, ललित शर्मा सहित अन्य किसानों ने प्रोजेक को क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

हाल ही में मुख्यमंत्री ने निर्णय लिया है कि इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन रोड अब एलिवेटेड की बजाय जमीनी स्तर पर बनाई जाएगी। भोपाल में किसानों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भविष्य में इंदौरझउज्जैन एक महत्वपूर्ण मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के रूप में विकसित होगा, इसलिए परियोजना किसानों के सुझावों के अनुरूप क्रियान्वित की जाएगी। प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने के लिए शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है।

इस प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। कुल 20 गांवों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है। प्रभावित किसानों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए बिक्री छाँट प्रक्रिया अपनाई गई है। अब तक अधिग्रहित भूमि के बदले 626 करोड़ की मुआवजा राशि मंजूप की जा चुकी है। इससे 662 खातेदार और परिवार लाभान्वित होंगे। मुआवजा वितरण की प्रोसेस भी प्रारंभ हो गई है। इन गांवों की भूमि अधिग्रहित प्रोजेक्ट के तहत हातोद और सांवेर तहसील के बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोडिया, जंबूड़ी सरवर, जिन्दाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबी खेड़ी, पिपलिया कायस्थ, हरियाखेड़ी, खतेडिया, रंगकराडिया, कछालिया, बलघारा, पोटलोद, टुमनी, मगरखेड़ी, चित्तौड़ा, बालरिया और रालामंडल सहित कुल 20 गांव शामिल हैं।

# होली-रंगपंचमी के पहले नगर निगम की तैयारी

### निगमायुक्त ने जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित करने को कहा, जारी किए निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

होली और रंगपंचमी के त्योहार को देखते हुए जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित किया जाएगा। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए हैं। ऐसा रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर को लेकर किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि गेर देखने के लिए कोई जर्जर मकान में न जाए। इसलिए उसे पहले से चिन्हित कर बोर्ड लगा दिया जाए।

**जर्जर बिल्डिंगों की पहचान कर तैयार करें लिस्ट-** निगमायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी जोन के बिल्डिंग अधिकारी, जोनल अधिकारी और भवन निरीक्षक अपने-अपने इलाकों में सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई जर्जर बिल्डिंग तो नहीं है, यदि ऐसी बिल्डिंग चिन्हित होती है तो उनकी लिस्ट तैयार करें, बिल्डिंगों



का स्पष्ट रूप से चिन्हांकन करें, संबंधित स्थानों पर चेतावनी स्वरूप फ्लेक्स लगाए जाएं।

साथ ही आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग कर लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान विशेष रूप से उन रास्तों पर ध्यान देने के लिए कहा है जहां होली व रंगपंचमी के अवसर पर जुलूस, गेर और अन्य पारंपरिक आयोजन होते हैं।

**विद्युत व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं समन्वय-** निगमायुक्त ने विद्युत विभाग से कहा कि वे अपने-अपने जोन इलाकों में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के साथ समन्वय बनाकर अव्यवस्थित केबल वायर, तारों के गुच्छे या नीचे लटके बिजली के तारों का चिन्हांकन करें। ऐसी जगह जहां तारों के कारण मार्ग में बाधा उत्पन्न हो रही है या एक्सीडेंट की आशंका हो, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए तारों को व्यवस्थित किया जाए। आवश्यकतानुसार ऊंचाई और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। आम जनता के आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

**अन्य विभागों को भी सतर्कता बरते को कहा-** इसी क्रम में जनकार्य (वर्कशॉप), जल प्रदाय, रिमूवल शाखा सहित नगर निगम के सभी जोन को अपने-अपने इलाकों से संबंधित व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। सड़कों की मरम्मत, गड्ढों का समतलीकरण, जल आपूर्ति व्यवस्था की सुचारुता, कचरा कलेक्शन और तुरंत निराकरण, आवश्यक मशीनरी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं।

#### इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर

## 268 करोड़ का टेंडर जारी, 60% जमीन किसानों को लौटाई जाएगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्य प्रदेश कैबिनेट ने इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का बड़ा फैसला लिया है। 268 करोड़ रुपये के टेंडर जारी कर सरकार ने औद्योगिक विकास को गति देने का संकेत दिया है। खास बात ये है कि विकासित 60 फीसदी जमीन अब किसानों को वापस लौटाई जाएगी, जिससे हजारों परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। ये कॉरिडोर न सिर्फ रोजगार के नए द्वार खोलेगा, बल्कि क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर कुल 21 किलोमीटर लंबा है, जो इंदौर से पिथमपुर तक फैला हुआ है। इसकी कुल लागत 3,500 करोड़ रुपए बताई जा रही है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद अब 268 करोड़ के टेंडर जारी हो चुके हैं, जो विकास कार्यों की अगली कड़ी को मजबूत करेंगे। कॉरिडोर में सुपर कॉरिडोर रोड, ड्रेनेज, बिजली जैसी 60 सुविधाओं का निर्माण होगा। पहले चरण में ही 236 करोड़ का खर्च हो चुका है, और अब जमींदारी को मजबूत करने पर फोकस है। कॉरिडोर के दोनों तरफ 3 से 5 किलोमीटर तक औद्योगिक जोन बनेगा। कुल 1290.74 हेक्टेयर (लगभग 3200 एकड़) भूमि का विकास प्रस्तावित है, जिसमें से 60 प्रतिशत विकसित भूमि किसानों को वापस मिलेगी। किसान अपनी जमीन पर खुद उद्योग लगा सकेंगे या उसे अन्य उद्योगपतियों को बेच सकेंगे।

# एमआर-10 से रोबोट तक सड़कें खराब, मेट्रो को चुकानी होगी कीमत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में इन दिनों एमआर-10 से रेडिसन होते हुए रोबोट चौराहे तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम चल रहा है। 3 से 4 किमी में मेन रोड के साथ सर्विस रोड पर गड्ढे हो गए हैं। सड़क सुधार के लिए निगम ने मेट्रो कॉर्पोरेशन से खर्च मांगा है।

निगम का कहना है, मेट्रो के काम के चलते सड़कें खराब हो रही हैं तो इन्हें सुधारने का खर्च भी मेट्रो को ही चुकाना होगा। खराब सड़क पर हादसों का डर तो है ही, ट्रैफिक जाम भी होता है। रोज हजारों लोग परेशान हो रहे हैं।

सुखलिया से बापट और रेडिसन से रोबोट चौराहे के बीच स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। मालूम हो, पिछले साल भी



निगम ने 2 करोड़ 65 लाख रुपए की मांग रखी थी। तब मेट्रो कॉर्पोरेशन ने 56 लाख रुपए दिए थे। बाकी राशि नहीं मिलने से पैचवर्क के सहारे ही काम चलता रहा। जहां मेट्रो के स्टेशन बन रहे, वहां स्थिति ज्यादा खराब गुरुवार को निगम और मेट्रो की टीम ने निरीक्षण किया। सुखलिया से बापट चौराहा तक सड़कें सबसे ज्यादा खराब मिलीं। यहां दो मेट्रो स्टेशन बन रहे हैं। भारी वाहन और डायवर्ट ट्रैफिक लगातार गुजर रहा है। वार्ड 33 और 22 में मुख्य सड़क के साथ सर्विस रोड भी टूट चुकी है। मेट्रो अधिकारियों ने कहा कि इंजीनियरों की टीम से पूरे रूट का सर्वे कराया जाएगा। रिपोर्ट के आधार पर जितना खर्च बनेगा, उतना बजट निगम को दिया जाएगा। एमआईसी सदस्य (जनकार्य) राजेंद्र राठौर का कहना है सर्विस रोड पूरी तरह डैमेज हो रही है। बापट चौराहे पर एक हिस्सा निगम एजेंसी को सौंप दिया है और काम शुरू कर दिया है। डामर और कांक्रीट के लिए बजट मिलते ही बाकी सड़कें भी बना दी जाएंगी। एमआर 10 पर बिजली पोल भी हटेगा एमआर-10 पर रोज लगने वाले जाम को लेकर पता चला कि यहां सड़क किनारे बिजली पोल ट्रैफिक में बाधा बन रहा है। इस पोल को हटाया जाएगा। एलिवेटेड कॉरिडोर के मीडियन निर्माण के लिए पहले जो राशि दी गई थी, उसमें से बची रकम से लाइटें लगाई जाएंगी। इधर, निगम के ठेकेदार पैसा नहीं मिलने से परेशान, 7 से 8 करोड़ रुपए बकाया निगम ने चार एजेंसियों को 12 करोड़ की लागत से पैचवर्क का काम दिया है लेकिन इनका कहना है कि निगम पर पहले का ही 7 से 8 करोड़ बकाया है। पुराना भुगतान हो तो पैचवर्क का काम करें। इस पर जनकार्य विभाग ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही पुराना भुगतान करवाया जाएगा। पहले यह यह काम पूर करें।

## खबर एक नजर...

### मुरलीपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय पहुंच महापौर ने भेंट किये भोजन के बर्तन

**उज्जैन.** महापौर मुकेश टटवाल द्वारा गुरूवार को मुरलीपुरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय पहुंच कर मध्यायन भोजन हेतु बर्तन भेंट किये गए। उल्लेखनिय है कि महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा विगत दिनों विद्यालय का निरीक्षण किया गया था निरीक्षण के दौरान विद्यालय के स्टाफ द्वारा बताया गया था कि बच्चों को मध्यान भोजन हेतु बर्तन की उपलब्धता कम है उक्त विषय को संज्ञान में लेते हुए महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा महापौर मद की राशि से बच्चों के भोजन हेतु विद्यालय में बर्तन उपलब्ध करवाए गए। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद छोटेलाल मंडलोई, एमआईसी सदस्य श्री कैलाश प्रजापत, जोन अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम मालवीय उपस्थित रहे।

### उज्जैन में सनातन एकता के लिए संत समाज की रैली

उज्जैन में गुरुवार को संत समाज ने सनातन धर्म की एकता और संगठन का संदेश देने के उद्देश्य से एक वाहन रैली निकाली। यह रैली ऋण मुक्तेश्वर मंदिर से प्रारंभ हुई। रैली शहर के प्रमुख मार्गों और पिपली नाका चौराहा से गुजरते हुए निर्धारित कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। इसमें दोपहिया और चारपहिया वाहनों सहित लगभग 100 वाहन शामिल हुए।

रास्ते भर संतों और उनके अनुयायियों का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के भाई बबलू यादव ने संत समाज का सम्मान करते हुए उन्हें शाल और श्रीफल भेंट किए।कार्यक्रम स्थल पर अखिल भारतीय सनातन परिषद के संभागीय अध्यक्ष संत महावीर नाथ भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह रैली सनातन धर्म की एकता और संगठन का प्रतीक है। भरतरी गुफा के गादीपति योगी पीर रामनाथ महाराज ने बताया कि रैली सर्व सनातन समाज को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से निकाली गई थी। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज, साधु-संतों और शहर के प्रमुख नागरिकों ने एकजुट होकर इसमें सहभागिता की। रैली ऋणमुक्तेश्वर मंदिर क्षेत्र से होते हुए राजा राम रिसॉर्ट तक पहुंची, जहां संतों का सम्मान किया गया।

### महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई मेयर इन काउंसिल की बैठक

# वित्तीय वर्ष 2026- 27 का बजट हुआ प्रस्तुत, 5 मार्च से बजट पर विभाग वार विस्तृत चर्चा होगी - महापौर

### निगम द्वारा क्षिप्रा नदी के घाटों का 85 करोड़ की लागत से पुनर्विकास हेतु टेंडर जारी करने एवं 200 करोड़ के बॉन्ड्स जारी करने के प्रस्तावों पर अनुशंसा की गई



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गुरुवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, प्रकाश शर्मा, रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, अनिल गुप्ता, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्रीमती दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी, श्रीमती सुगन बाबूलाल बाघेला की उपस्थिति में आयोजित हुई।

बैठक में कार्यसूची के प्रथम प्रकरण मेयर इन काउंसिल सम्मिलन दिनांक 13.01.2026 के कार्यवृत्त की पृष्टि की गई जिसके उपरांत कार्य बिन्दुवार चर्चा की गई जिसमें वाटर सप्लाई वर्क फॉर उज्जैन सिंहस्थ 2028 कार्य के संबंध में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खंड नगर पालिका निगम उज्जैन द्वारा दिए गए पत्र की अनुशंसा, महापौर/आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन जिला उज्जैन की ओर अंकेशन प्रतिवेदन भाग 01 वित्तीय वर्ष 2023-24 अंतर्गत मेयर इन काउंसिल ठहराव क्रमांक 90 दिनांक 11.10 2025 पर अनुशंसा, निगम के विभिन्न विभागों में विभिन्न श्रेणी (उच्च कुशल, कुशल, अर्ध कुशल और कुशल) के कर्मचारी मैनपॉवर उपलब्ध कराए जाने हेतु एजेंसी का चयन करने अंतर्गत ई निविदा के माध्यम से निविदा जारी किए जाने अथवा वर्तमान में कार्यरत आउटसोर्स एजेंसी किंग सिक्योरिटी गाड्र्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अनुबंध की अवधि 1 वर्ष के लिए वृद्धि किए जाने के संबंध में आयुक्त नगर पालिका निगम उज्जैन के पत्र पर अनुशंसा, अमृत मिशन 1.0 अंतर्गत उज्जैन शहर की सीवरेज परियोजना के भूमि के उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन हेतु मध्य प्रदेश भूमिगत पाइपलाइन केवल एवं डक्ट अधिनियम 2012 अंतर्गत मुआवजा राशि का भुगतान करने के संबंध में अनुशंसा, जनसंपर्क विभाग की विभिन्न मद में पुर्नविनियोजन किए जाने के संबंध में अनुशंसा, वर्ष 2026- 27 के लिए संपत्ति कर समेकित दर, शिक्षा उपकर एवं नगरीय विकास उपकर इत्यादि की दर/छूट/भुगतान का निर्धारण करने के संबंध में प्रस्ताव पर अनुशंसा, हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मार्ग का चौड़ीकरण कार्य में प्रभावित सुलभ शौचालय को हटाए जाने के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव की अनुशंसा, नगर पालिका निगम उज्जैन अंतर्गत रेलवे एवं समस्त शासकीय संपत्तियों पर सेवा कर का निर्धारण करने के संबंध में प्राप्त विषय पर अनुशंसा, उज्जैन शहर अंतर्गत संचालित सार्वजनिक सामुदायिक मुत्रालयों में निरीक्षण के दौरान निर्धारित मापदंडों अनुसार व्यवस्थाएं ना पाए जाने पर संचालन एवं संधारण एजेंसी पर अर्थदंड निर्धारित किए जाने के प्रस्ताव पर अनुशंसा, महाकाल चौराहे से गोपाल मंदिर होते हुए कमरी मार्ग तक मार्ग चौड़ीकरण एवं सीसी रोड निर्माण के प्रस्ताव पर अनुशंसा, बजट वर्ष 2025 - 26 की मद बॉन्ड जारी किए जाने हेतु चार्टर्ड अकाउंटेंट फीस, सेमी रजिस्ट्रेशन एवं अन्य व्यय में पुर्नविनियोजन के प्रस्ताव पर अनुशंसा, प्लांट के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव पर अनुशंसा,वार्ड क्रमांक 44 विक्रम मार्ग पर स्थित स्वर्गीय श्री कुशाभाऊ ठाकरे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की तृतीय मंजिल पर निर्मित खुला भाग एवं चतुर्थ मंजिल की खुली छत को 30 वर्ष की लीज पर दिए जाने के प्रस्ताव पर अनुशंसा, गोपाल मंदिर छत्री चौक स्थित रीगल टॉकीज व्यवसायिक कॉम्प्लेक्स विकास कार्य के संबंध में प्रस्ताव पर अनुशंसा की गई।

## श्री राम महल दरबार में निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला आज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में होली महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं और धार्मिक उत्साह का माहौल बन चुका है। इसी कड़ी में श्री राम महल दरबार, खाटू श्याम जी मंदिर में परंपरानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला निशान यात्रा एवं फाग महोत्सव मेला 27 फरवरी 2026 (शुक्रवार) को परम पूज्य बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी के सान्निध्य में भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस पावन आयोजन में खाटू श्याम बाबा की दिव्य ज्योत श्रृंगार दर्शन, 56 भोग प्रसादी, फूलों की होली, मधुर भजन संध्या और भोजन प्रसादी का विशेष प्रबंध रहेगा।

दोपहर 3 बजे पिपली नाका चौराहे से निशान यात्रा का शुभारंभ होगा, जिसमें हजारों श्याम प्रेमी भक्त शामिल होंगे। यात्रा भव्यता के साथ श्री राम महल दरबार तक पहुंचेगी। मार्ग में कई स्थानों पर मंच लगाकर बाबा साहब अंजनी सखी गुरूजी एवं भक्तों का स्वागत किया जाएगा। यात्रा समाप्त होने के बाद फाग महोत्सव मेला प्रारंभ होगा, जिसमें खाटू श्याम बाबा को फूलों की होली खेली जाएगी, 56 भोग अर्पित किया जाएगा और भजन संध्या के माध्यम से बाबा को रिझाया जाएगा।

आयोजकों ने सभी भक्तों से अपील की है कि वे सपरिवार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर इस पावन फागोत्सव का आनंद लें, भजन संध्या में शामिल हों और प्रसादी ग्रहण करें। यह आयोजन न केवल होली के रंगों को धार्मिक उत्साह से जोड़ेगा, बल्कि श्याम प्रेमियों के बीच भक्ति और एकता का संदेश भी देगा।

### उज्जैन नाड़ी परीक्षण शिविर में महारोग से ग्रसित मरीज को मिली संजीवनी

## गंभीर और असाध्य रोगों में मिल रहे चमत्कारिक परिणाम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाकाल की नगरी में चल रहे निशुल्क नाड़ी परीक्षण शिविर में आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से गंभीर और असाध्य बीमारियों के चमत्कारिक परिणाम सामने आ रहे हैं। शिविर में महारोग से ग्रसित महिला को भी अभूतपूर्व लाभ मिला। अब उनकी 71 वर्षीय मां का भी इलाज शुरू किया।

शिविर में राजीव गांधी नगर (दमदमा) निवासी 50 वर्षीय कृष्णा मालवीय को इलाज से नई उम्मीद मिली है। कृष्णा पिछले दो साल से महारोग और वात रोग से ग्रसित थीं, जिसके कारण उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहद कमजोर हो गई थी और वजन लगातार गिर रहा था। वैद्य संतोष आनंद जायसवाल द्वारा दी गई आयुर्वेदिक दवाइयों से उन्हें काफी फायदा हुआ है और वजन भी बढ़ा है।

अपने स्वास्थ्य में हुए चमत्कारिक सुधार से प्रेरित होकर, गुरुवार (26 फरवरी) को कृष्णा अपनी 71 वर्षीय माता सजन बाई को भी वैद्य को दिखाने लेकर आईं। सजन बाई श्वास, बवासीर, सूजन और मूत्र पक्षाघात (यूरिन सेंसेशन न रहना) जैसी गंभीर समस्याओं से पीड़ित हैं। वैद्य ने सजन बाई को ईएसआर और सीआरपी (मैंत, ब्त्च) जैसे कुछ जरूरी टेस्ट करवाने की सलाह दी है, ताकि रिपोर्ट के आधार पर उनका सटीक इलाज शुरू किया जा सके। इसके अलावा, आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए निशुल्क मेडिकल टेस्ट की व्यवस्था भी करवाई जा रही है।

### 45 साल से मूक-बधिर महिला को बोलने की आस

छोटी धाबरी निवासी 45 वर्षीय अनीता त्रिपाठी जन्म से ही मूक-बधिर हैं और पैरों के दर्द से परेशान थीं। उनके भाई मनोहर त्रिपाठी उन्हें शिविर में लेकर आए। ह्मामहाकाल वन मेला 2026ह्म के प्रथम पुरस्कार विजेता वैद्य संतोष आनंद जायसवाल ने न केवल उनके पैरों का दर्द दूर किया, बल्कि उनकी बोलने-सुनने की क्षमता वापस लाने के लिए तीन साल का महंगा कोर्स पूरी तरह निशुल्क शुरू किया है। वैद्य ने दावा किया है कि तीन महीने के भीतर ही सकारात्मक परिणाम दिखने शुरू हो जाएंगे।

### बिना रिपोर्ट सिर्फ नाड़ी देखकर गंभीर रोगों का सटीक इलाज

मां दुर्गा वन औषधि संजीवनी अनुसंधान के डायरेक्टर संतोष आनंद जायसवाल पिछले 25 वर्षों से बिना किसी जांच रिपोर्ट के केवल नाड़ी देखकर रोगों का सटीक निदान कर रहे हैं। शिविर में कई अन्य मरीजों को भी राहत मिली है, नगरकोट निवासी लीला बाई का गंभीर दर्द और शुगर निशुल्क दवा से नियंत्रित हुआ है, और अब वे चलने-फिरने में सक्षम हैं। गांधी नगर के अजय प्रजापत को 7 माह पुराने कमर और मेरुदंड दर्द से मात्र एक दिन की दवा में आराम मिला।

## उज्जैन में बनेगा एकलिंगनाथ जी का भव्य मंदिर, राम मंदिर के कारीगर 6 करोड़ में करेंगे निर्माण

### नलवा में हुआ भूमिपूजन; गुरुकुल और गौशाला भी बनेगी, महाराणा प्रताप के वंशज लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण विकास परिषद मध्य प्रदेश और गुजरात के तत्वावधान में बड़नगर रोड स्थित ग्राम नलवा (पंचक्रोशी पड़ाव-3) में गुरुवार 26 फरवरी को मेवाड़ के अराध्य भगवान श्री एकलिंगनाथ जी के भव्य मंदिर, गुरुकुल और गौशाला का ऐतिहासिक भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस



अवसर पर मेवाड़ राजघराने के महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

राम मंदिर के कारीगर बनाएंगे संगमरमर का मंदिर

श्री त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सुनील जोशी ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए करीब 20,000 वर्गफीट की जमीन आरक्षित की गई है। मंदिर का निर्माण सफेद संगमरमर से होगा, जिसमें शिवलिंग काले पत्थर का स्थापित किया जाएगा। इस पूरे प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 6 से 7 करोड़ रुपये है। सबसे खास बात यह है कि इस मंदिर का डिजाइन अहमदाबाद के उसी सोमपुरा परिवार ने तैयार किया है, जिन्होंने अयोध्या के भव्य राम मंदिर का डिजाइन बनाया था। अयोध्या राम मंदिर बनाने वाले कारीगर ही इस मंदिर का निर्माण करेंगे।

कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल त्रिवेदी ने बताया कि परिषद का लक्ष्य है कि आगामी सिंहस्थ (आखातीज) 2028 से पहले मंदिर का निर्माण पूरा कर प्राण-प्रतिष्ठा कर दी जाए। मंदिर का गर्भगृह 13.7 बाय 13.7 फीट का होगा। इसके अलावा एक 13 बाय 7 फीट का द्वार और 29 बाय 29 फीट का सभामंडप भी बनाया जाएगा, जिसमें तीन तरफ से प्रवेश द्वार होंगे।

### आधुनिक गुरुकुल और विज्ञान से जुड़ी गौशाला

सुनील जोशी ने बताया कि मंदिर परिसर में एक गुरुकुल भी स्थापित किया जाएगा। यह गुरुकुल पारंपरिक कर्मकांड और कथावाचन तक सीमित न रहकर, आधुनिक शिक्षा का केंद्र होगा। इसके साथ ही एक गौशाला का भी निर्माण होगा, जिसे विज्ञान से जोड़कर गायों के महत्व को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाया जाएगा।

समारोह में मुख्य रूप से शामिल हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि यह आयोजन मेवाड़ और मालवा का एक बेहद खूबसूरत संगम है। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी में मेवाड़ा समाज द्वारा अपने इष्टदेव एकलिंगनाथ जी का मंदिर बनवाना एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने समाज के लोगों की उपस्थिति की सराहना करते हुए कहा कि जिंदादिली विनम्रता में होती है, अकड़ तो मुर्दों में होती है। लक्ष्यराज सिंह ने मंच से कहा कि राजपूत तब तक राजपूत नहीं है, जब तक वह ब्राह्मणों का सम्मान न करे। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## खबर एक नजर...

### अतिक्रमण करते पाए जाने पर निगम द्वारा 08 हजार का जुमार्ना किया

**उज्जैन.** एमआर 5 रोड स्थित कुबेर ट्रैक्टर द्वारा अपनी दुकान का सामान मुख्य रोड पर रखकर सड़क तक अतिक्रमण किया गया था जिस पर निगम द्वारा गुरुवार को कार्यवाही की जाकर 08 हजार का जुमार्ना किया गया निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रातः निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि एमआर 5 रोड स्थित मुख्य मार्गों पर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान मशीनों के पार्ट्स, भवन निर्माण सामग्री, वाहनों को सड़क तक रखा गया है जिससे अतिक्रमण होता है एवं आवागमन में काफी समस्या आती है आयुक्त द्वारा निर्देश गई निर्देश के क्रम में जोन क्रमांक 2 की टीम द्वारा कुबेर ट्रैक्टर पर 08 हजार के जुमार्ने की कार्यवाही की गई उक्त कार्यवाही उपयंत्री श्री आनंद परमार, गैंग प्रभारी श्री सोनू जाटव एवं स्वास्थ्य विभाग की उपस्थिति में की गई।

### गंदगी करने वालों निगम द्वारा 30 हजार का जुर्माना वसूला

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत नगर निगम द्वारा उज्जैन शहर की स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखा जा रहा है साथ ही गंदगी करने वालों पर निगम द्वारा लगातार सख्ती से जुमार्ना भी लगाया जा रहा है इसी क्रम में गुरुवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गंदगी करने वालों पर 30 हजार का जुमार्ना वसूला गया जिसमें सड़क एवं मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण करने पर 10 हजार, खुले में गंदगी करते पाए जाने पर 14 हजार, प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर 1500, भट्टी जलाने पर 2000, मेडिकल वेस्ट पाए जाने पर 2000, मिक्स कचरा पाए जाने पर 500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया, उज्जैन शहर के समस्त नागरिकों एवं व्यावसायिक क्षेत्र में व्यापारियों से अपील की जाती है कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत उज्जैन शहर की स्वच्छता को बनाए रखने में आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है इसलिए निर्धारित कचरा कलेक्शन वाहनों में ही कचरा अलग-अलग दिया जाए गंदगी ना करें ना ही प्लास्टिक का उपयोग करें।

### तुड़ाई को एक लेवल कर नाली खुदाई का कार्य आरंभ करें- आयुक्त

**उज्जैन।** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा गोपाल मंदिर ढाबा रोड चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देश दिए की चौड़ीकरण कार्य में स्थानीय रहवासियों द्वारा स्वयं मकानों को हटाया जा रहा है तय सीमा के अंतर्गत भवनों की तुड़ाई ठेकेदार एक लेवल में कराए जिससे नाली खुदाई का कार्य प्रारंभ किया जाए साथ ही मार्ग में नाली निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था संबंधित अधिकारी करें, निरीक्षण में कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार सहायक आयुक्त प्रफुल्ल गठरे उपयंत्री श्री मुकुल मेश्राम मौजूद रहे।

# दादी मंगल पाठ के साथ खाटू श्याम मंदिर में मनाया फाग महोत्सव, आज निकलेगी निशान यात्रा

### गोपाल मंदिर से शुरू होगी यात्रा, शाम 7 बजे सजेगी भजन संध्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रामघाट स्थित पारदेश्वर महादेव सिद्धाश्रम के प्राचीन खाटू श्याम मंदिर में तीन दिवसीय फाग महोत्सव और प्राकट्य दिवस समारोह की धूमधाम से शुरूआत हो गई है। गुरुवार 26 फरवरी को आयोजन के प्रथम दिवस महिलाओं द्वारा दादी मंगल पाठ और रंगारंग फाग उत्सव पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इससे पूर्व सुबह 10 बजे पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा द्वारा बाबा श्याम का दूध, दही, पंचामृत और गंगाजल से अभिषेक किया गया। उन्हें नए वस्त्र पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया और इत्र लगाकर आरती उतारी गई।



सरोज अग्रवाल ने बताया कि शहर में चल रहे विकास कार्यों के कारण निशान यात्रा के स्थान में परिवर्तन किया गया है। आज शुक्रवार 27 फरवरी को आमलकी एकादशी के पावन पर्व पर सुबह 10 बजे गोपाल मंदिर से भव्य निशान यात्रा प्रारंभ होगी। इसमें सभी श्याम प्रेमी अपने-अपने निशान की पूजा-अर्चना कर शामिल होंगे। यात्रा में खाटू श्याम का सुसज्जित रथ और बैंड-बाजे मुख्य आकर्षण रहेंगे।

निशान यात्रा गोपाल मंदिर से शुरू होकर पटनी बाजार, गुदरी चौराहा, सवारी मार्ग और कहारवाड़ी होते हुए रामघाट स्थित मंदिर पहुंचेगी। यहां सभी भक्तजन बाबा श्याम के चरणों में निशान अर्पित करेंगे, जिसके बाद महाआरती होगी और प्रसादी वितरित की जाएगी।

### शाम 7 बजे से भजनों की गूंज, शनिवार को बंटेगा खीर-चूरमा

शुक्रवार शाम 7 बजे से मंदिर प्रांगण में श्री श्याम की ज्योत प्रज्वलित की जाएगी। इसके बाद भव्य भजन संध्या और रंगारंग फाग महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालु भजनों पर झूम सकेंगे। वहीं, शनिवार (28 फरवरी) को सुबह 9:30 बजे बाबा को खीर-चूरमे का भोग लगाकर प्रसादी बांटी जाएगी और ज्योत का आयोजन रहेगा।

### सिंहस्थ विकास कार्यों से महानगर बनेगा उज्जैनः सुरेंद्र सांखला

# क्षिप्रा शुद्धिकरण, रेलवे विस्तार और हवाई सेवा के फैसलों का किया स्वागत; कांग्रेस पर लगाया विकास में रोड़ा अटकाने का आरोप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला ने सिंहस्थ 2028 के लिए चल रहे विकास और निर्माण कार्यों पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री के विजन की सराहना करते हुए कहा कि इन कार्यों से उज्जैन महानगर का स्वरूप ले रहा है।

सांखला ने कहा कि एक तरफ क्षिप्रा शुद्धिकरण और खान (कान्ह) डायवर्सन का कार्य प्रगति पर है, वहीं घाटों के निर्माण से उज्जैन की नई पहचान बनेगी। मंदिरों, सिंहस्थ पड़ाव क्षेत्र और शहरी विकास के अलग-अलग मास्टर प्लान शहर को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और मध्य प्रदेश की भाजपा सरकारें संयुक्त रूप से उज्जैन को संवारने में जुटी हैं।



उन्होंने रेलवे कनेक्टिविटी, प्लेटफार्म के सौंदर्यीकरण और सैकड़ों नई व अस्थायी ट्रेनों के ठहराव की प्रगति को सराहनीय बताया। सांखला ने मंदिरों के आसपास व्यापक वाहन स्टैंड, शहर को सिंहस्थ क्षेत्र से जोड़ने वाली अनेक पुलियाओं व रास्तों के निर्माण, नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना से जल प्रवाह और सड़कों के चौड़ीकरण पर भी खुशी जताई। इसके साथ ही, उज्जैन से हवाई यात्रा को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के निर्णय का भी स्वागत किया।

### कांग्रेस की मानसिकता पर उठाए सवाल

विकास कार्यों को लेकर सांखला ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विकास में अवरोध पैदा कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। कांग्रेस नेताओं को यह देखना चाहिए कि उज्जैन में अस्पतालों का निर्माण, प्रशासनिक भवनों का विकास और खेल मैदानों का निर्माण भाजपा शासन में ही हो रहा है।

### लामबंद हुई युवा कांग्रेस, गांधी प्रतिमा के समक्ष बनाई आंदोलन की रणनीति

**उज्जैन।** जिला युवा कांग्रेस सचिव रवि यादव के नेतृत्व में क्षीरसागर स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष ट्रेड डील के मुद्दे को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित युवा साथियों ने वर्तमान परिस्थितियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में ट्रेड डील के विरोध में चलाए जा रहे जनजागरण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया।

आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए शहर के विभिन्न वार्डों में बैठकें आयोजित करने, आमजन से सीधे संवाद स्थापित करने तथा शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराने की रणनीति बनाई गई। युवा कांग्रेस ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का निर्णय लिया।

# हिंदी सेवी डॉ. प्रभु चौधरी को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मान

### नारनौल (हरियाणा) में 12 मार्च को होगा अलंकरण; डॉ. शहेनाज शेख भी मातादीन-मूर्तिदेवी स्मृति सम्मान के लिए चयनित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संगठन महामंत्री एवं हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय डॉ. प्रभु चौधरी को ह्वअंतरराष्ट्रीय शिखर सम्मानह्व के लिए चयनित किया गया है। यह सम्मान उन्हें 12 मार्च को हरियाणा के नारनौल स्थित मनुमुक्त भवन में आयोजित 28वें अंतरराष्ट्रीय मातादीन-मूर्तिदेवी स्मृति समारोह में प्रदान किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय संस्था मनुमुक्त मानव मेमोरियल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी डॉ. रामनिवास मानव ने बताया कि डॉ. चौधरी को यह सम्मान हिंदी एवं नागरी लिपि के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के दृष्टिगत दिया जा रहा है। इसी समारोह में राष्ट्रीय महासचिव डॉ. शहेनाज शेख (नांदेड) को ह्वमातादीन-मूर्तिदेवी स्मृति सम्मानह्व से अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलानुशासक एवं राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के अध्यक्ष को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

डॉ. प्रभु चौधरी और डॉ. शहेनाज शेख को अंतरराष्ट्रीय सम्मान के लिए नामित होने पर राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के संरक्षक ब्रजकिशोर शर्मा, हरेराम वाजपेयी, डॉ. हरिसिंह पाल, डॉ. अशोक कुमार भार्गव, पदमचंद गांधी, डॉ. हरीशकुमार सिंह, सुवर्णा जाधव, डॉ. अनसूया अग्रवाल, डॉ. रश्मि चौबे, डॉ. रचना पाण्डेय, डॉ. मुक्ता कौशिक, डॉ. अनवर शेख, निर्मल मेहता, डॉ. मनीषा सिंह, सुंदरलाल मालवीय, माया मेहता, डॉ. प्रेरणा उबाळे, जगदीश कौर, रंजना पांचाल, मधुलता गुप्ता, डॉ. अरूणा शुक्ल, संगीता तिवारी, प्रिया जैन, अंजना जैन, सुधा शर्मा, डॉ. कृष्णा जोशी, डॉ. तृप्ति शर्मा, प्रीति बिंदल, खुशबु सिंह, मनीषा खेडेकर और पल्लवी द्विवेदी सहित अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# महिला पथ विक्रेताओं से अभद्रता और अवैध जब्ती पर भड़का आक्रोश

### पुलिस पर कार्रवाई न करने और उल्टे पीड़ितों पर केस दर्ज करने का आरोप, राष्ट्रव्यापी आंदोलन के तहत दी चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन के तहत, हाथ ठेला एवं फुटपाथ व्यापारी संघ महाकाल, उज्जैन ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ ने नगर निगम कर्मचारियों और असामाजिक तत्वों द्वारा महिला पथ विक्रेताओं के साथ मारपीट, अभद्रता और सामान लूटने की घटनाओं पर कड़ा विरोध जताया है।




अधिकारियों पर ह्वस्ट्रीट वेंडर एक्टह्व के उल्लंघन का आरोप

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि 5 फरवरी को मोनू थनवार, आनंद भैरवे, नितिन बाली, अंगत बाली, मोईनुद्दीन चौधरी और अन्य कर्मचारियों ने ह्वस्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014ह्व और वेंडिंग सर्टिफिकेट होने के बावजूद गैरकानूनी तरीके से सामान जब्त किया। जब्ती के दौरान न तो कोई सीजर मेमो दिया गया और न ही टीवीसी कमेटी की सिफारिश ली गई।

संघ का कहना है कि जब 6 फरवरी को पदाधिकारी फायर बिग्रेड जोन क्र. 2 पर बात करने पहुंचे, तो वहां पहले से रची गई साजिश के तहत महिलाओं और पुरुष साथियों के साथ मारपीट की गई।

पुलिस की भूमिका पर सवाल

व्यापारी संघ ने पुलिस प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया है। संघ के अनुसार, घटना के वीडियो फुटेज और ऑडियो रिकॉर्डिंग एसपी और थाना प्रभारी को सौंपे जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने मोनू थनवार और उसके साथियों पर एफआईआर दर्ज नहीं की। इसके विपरीत, 6 फरवरी को उल्टा

## खबर एक नजर...

### संस्थाओं के माध्यम से आज भी जीवंत हैं सावरकर के कार्य

**उज्जैन।** महाराष्ट्र समाज द्वारा गुरुवार को स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुनी नगर चौराहा (दो तालाब) स्थित सावरकर उद्यान में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाजजनों ने उन्हें नमन किया। समाज के सचिव सुशील मुले ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं समाज सेवी रविंद्र पेढ़ारकर ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वीर सावरकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी समाज की संस्थाओं के माध्यम से सावरकर जी द्वारा किए गए कार्य जीवंत हैं। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सदाशिव नायगांवकर, सचिव सुशील मुले, कोषाध्यक्ष रविंद्र मुले, मिलिंद पन्हालकर, प्रदीप जोग, वसंत आप्टे, नीलेश नेमावर, अजय भातखंडे, गोपाल महाकाल, राजश्री जोशी, प्रभाकर गाढे, महेंद्र गोरे, तुषार मजूमदार, राजेश मुंगी, वसंत देशपांडे, सुनील लवंगीकर, अमित सुपेकर, श्रीमती निमोनकर अशोक लाणगे, जितेंद्र आप्टे, आलोक मोढ़े आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक वसंत आप्टे द्वारा किया गया।

### अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान

**उज्जैन।** अग्रवाल फ्रेंड्स क्लब द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अग्रवाल महिला मंडल की नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत और सम्मान किया गया।

कार्यक्रम संयोजिका प्रीति गोयल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 51 की पार्षद आशिमां गौरव सेंगर उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान मंडल की नवनियुक्त अध्यक्ष ममता अग्रवाल, सचिव मीना गर्ग और कोषाध्यक्ष आभा गर्ग को दुपट्टा ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आशिमां सेंगर ने सभी सदस्यों से भेंट कर प्रसन्नता व्यक्त की और बहनों को समाज उत्थान के कार्यों के लिए प्रेरित किया। सचिव मीना गर्ग ने आगामी कार्यों के लिए सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए। कार्यक्रम संयोजिका प्रीति गोयल ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को सभी बहनों की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर माला अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, रेणु मेंदावाला, दीपा गोयल, पद्मा अग्रवाल, सरस्वती अग्रवाल, शीला अग्रवाल, किरण गोयल, ममता गर्ग, दीपाली अग्रवाल, कुसुम गुप्ता सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित थीं।

### निगम आयुक्त द्वारा शारदा होम्स कॉलोनी का निरीक्षण

**उज्जैन.** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा वार्ड क्रमांक 4 स्थित शारदा होम्स कॉलोनी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा कचरा वाहन में पृथक पृथक कचरा डालने, पानी की लाइन और सिवरेज एवं और साफ सफाई सम्बंधित कार्यों पर स्थानीय रहवासियों से चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान कचरा कलेक्शन वाहन में हेल्पर एवं आई ई सी सदस्य नहीं होने पर संबंधित एजेंसी पर पेनल्टी के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए।

### उज्जैन के पंथपिपलई में दुग्ध सहकारी समितियों के प्रतिनिधियों का दो दिवसीय शिविर

# सहकारिता से होगा किसानों व पशुपालकों का आर्थिक विकास, कौशल उन्नयन प्रशिक्षण शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ (भोपाल) और जिला सहकारी संघ (उज्जैन) के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन तहसील की दुग्ध सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय ह्वकौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमह्न का शुभारंभ हुआ।

पंथपिपलई के पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत में जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि सदस्यों और प्रबंधकों के सहयोग से सहकारिता नए कार्यों के क्षेत्र में अग्रसर हो रही है, और इसी एकजुटता के कारण भारत सहकारिता में विश्व में सिरमौर है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उपायुक्त (सहकारिता) के. पाटनकर ने ऐसे प्रशिक्षण शिविरों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इनसे समाज, किसान, पशुपालक, महिला, युवा और कमजोर वर्गों की आर्थिक उन्नति व विकास में मदद मिलेगी। इंदौर सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के प्राचार्य दिलीप मरमट ने नई सहकारी नीति ह्वश्वेत क्रांति 2ह्न की जानकारी दी। उन्होंने संस्थाओं के बायलॉज में बहुउद्देशीय गतिविधियों के माध्यम से सदस्यों के आर्थिक विकास पर जोर दिया। ऑडिट ऑफिसर संजीव शर्मा ने कहा कि सदस्य ही सहकारी संस्था के असली मालिक हैं, इसलिए वे संस्था के हित में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने के लिए तत्पर रहें। दुग्ध संघ उज्जैन के पर्यवेक्षक चंद्रनारायण शर्मा ने पशुपालन में उन्नत नस्ल, नस्ल सुधार और नई तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया।

### सदस्यों को मिला 1.37 लाख का बोनस

इस अवसर पर पंथपिपलई दुग्ध सहकारी संस्था द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में आने वाले सदस्यों को पुरस्कृत किया गया। संस्था द्वारा अपने लाभांश में से सभी सदस्यों को कुल 1,37,500 रुपये की बोनस राशि का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष कमलसिंह आसावद, सरपंच मोहनसिंह आसावद, शिवकुमार गेहलोत सहित बड़ी संख्या में दुग्ध उत्पादक उपस्थित रहे।

### पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के नारी चेतना मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर फ्रीगंज के नारी चेतना मंडल का शपथ विधि समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाजसेवी वीरबाला कासलीवाल ने नवीन कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समाजसेवी वीरबाला कासलीवाल ने दिलाई नवीन कार्यकारिणी को शपथ, शोभा कासलीवाल बनीं अध्यक्ष। समारोह के दौरान मंडल अध्यक्ष के रूप में शोभा कासलीवाल को नियुक्त किया गया। वहीं, सचिव पद की जिम्मेदारी नीलू बड़जात्या और कोषाध्यक्ष का प्रभार संगीता सोनी को सौंपा गया। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्योति जैन ने किया। आयोजन में समाज के प्रमुख ट्रस्टी विजेंद्र सुपारीवाले, धर्मेंद्र सेठी, राहुल जैन, नितिन डोसी, सुनील सोगानी सहित सचिन कासलीवाल,संजय बड़जात्या विशेष रूप से मौजूद रहे। मातृशक्ति में पुष्पा बज, मीना जैन, सुमन गोधा, शकुंतला सोनी, प्रीति बिलाला, सुनीता जैन, वंदना टोंग्या, कविता काला, संगीता बडजात्या, मधु बड़जात्या, आशा कासलीवाल, मंजु जैन, तारा जैन मौजूद रहीं।

### पैक्स कर्मियों को सिखाए जीएसटी और इनकम टैक्स के गुर, नाबार्ड ने आयोजित की कार्यशाला

**उज्जैन।** नाबार्ड द्वारा प्रायोजित और मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित भोपाल द्वारा आयोजित ह्वसॉफ्टकोबह्न योजना के तहत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसका मुख्य उद्देश्य उज्जैन जिले की पैक्स समितियों के कर्मचारियों को आयकर, टीडीएस और जीएसटी जैसे जटिल विषयों में दक्ष बनाना था। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के सभागार में 25 फरवरी को आयोजित इस कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। साथ ही, बैंकिंग कामकाज में आने वाली कर संबंधी अड़चनों को दूर करने के लिए जीएसटी और टीडीएस के नियमों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त (सहकारिता) के. पाटनकर, डीडीएम नाबार्ड नागेश चौरसिया, बैंक सीईओ विशेष श्रीवास्तव, अंकेक्षण अधिकारी संजीव शर्मा, सीए दिवाकर शुक्ला, प्राचार्य दिलीप मरमट, सुमेर सिंह सोलंकी और प्रशिक्षक सुयश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पल्लवन 2026 में छात्राओं को मिला आत्मनिर्भरता का मंत्र

### कालिदास कन्या महाविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन में उत्कृष्ट छात्राएं हुईं पुरस्कृत






### अतिथियों ने शिक्षा और आत्मविश्वास को बताया सफलता की कुंजी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में 24 फरवरी से चल रहे तीन दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन ह्वपल्लवन 2026ह्न का गुरुवार 26 फरवरी को गरिमामय समापन हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं को जीवन में साहस बनाए रखने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, वर्ष भर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभावान छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

कठिनाइयों से निखरता है व्यक्तित्वः शाश्वत शर्मा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि मनुष्य ही ऐसा प्राणी है जो सीधे खड़े होकर मुस्कुरा सकता है, इसलिए हर परिस्थिति में मुस्कान और साहस बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह तपकर लोहा औजार और सोना आभूषण बनता है तथा पत्थर तराशने से मूर्ति बनती है, उसी प्रकार कठिनाइयां व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती हैं।

विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक शर्मा ने छात्राओं को नारी-शक्ति का स्मरण कराया। उन्होंने शिक्षा और आत्मविश्वास को सामाजिक संकीर्णताओं को तोड़ने का सशक्त माध्यम बताते हुए जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया।

वर्तमान में जिएं और स्वयं के लिए समय निकालें: प्राचार्य

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं से कहा कि अतीत की स्मृतियों और भविष्य की चिंताओं में उलझकर हम अपना वर्तमान खो देते हैं। उन्होंने आर्थिक आत्मनिर्भरता को आत्मबल का आधार बताते हुए छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ जीने और स्वयं के लिए समय निकालने की प्रेरणा दी।

### 27.16 करोड में बना भवन 4 सालों में ही वास्तविकता उजागर करने लगा

# नए नकोर प्रशासनिक संकुल भवन में तिरार, फ्लोरिंग धंसा

### -तीन मंजिला भवन में और भी बहुतेरी समस्याएं कर्मचारी बता रहे,कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री मंगलनाथ मंदिर के गेट के उपरी भाग पर लगे पतथ्र गिरना तो फिर भी वाजिब कहे जा सकते हैं क्योंकि उन्हें लगे 10 साल हो चुके हैं। अब तो 4 साल पहले निर्मित सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन में ही तिरार आने लगी है और फ्लोरिंग धंसने लगा है। यही नहीं और भी कई निर्माण की समस्याएं कर्मचारी बता रहे हैं लेकिन लोक निर्माण विभाग के इस काम को लेकर भी कोई खुलकर बोलने को तैयार नहीं है।

लोक निर्माण विभाग के पिछले वर्षों में किए गए काम अब तो खुद ही गुणवत्ता का सबूत देने के लिए तत्पर हुए जा रहे हैं। हाल ही में श्री मंगलनाथ मंदिर के मुख्य द्वार के उपरी तल से पत्थरों के गिरने की स्थिति सामने आई थी जो कि पूर्व में भी कई बार हुई है। अब उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन की स्थिति सामने आ रही है। इसे 27.16 करोड में लोक निर्माण विभाग पीआईयू ने निर्मित किया था। तत्कालीन कलेक्टर एवं वर्तमान संभागायुक्त आशीषसिंह के कार्यकाल में इसका निर्माण हुआ था और 29 मई 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इसका लोकार्पण किया था।

सम्राट विक्रमादित्य प्रशासनिक संकुल भवन के द्वितीय तल पर कलेक्टोरेट लगता है। इसी द्वितीय तल पर वीसी रूम में पास में दिवार एवं छत के भाग में सीधे तौर पर ही बडी सारी तिरार को सामान्य आंखों से ही देखा जा सकता है। लगभग आधा इंच के करीब की तिरार काफी कुछ कह रही है। यही नहीं पानी पीने के स्थान के पास जाने पर आपको एहसास होगा कि छत भी धंसी है। यहां जमीन में फ्लोरिंग का पत्थर ही टूट कर छत के धंसने की गवाही दे रहा है। यही नहीं भूतल पर पार्किंग के स्थल की स्थिति को भी देखा जाए तो काफी कुछ सामने है। प्रथम तल के हाल भी बहुत ज्यादा मजबूत नहीं कहे जा सकते हैं। प्रशासकीय संकुल भवन का निर्माण 27 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से किया गया है। निर्माण एजेंसी लोक निर्माण विभाग पीआईयू उज्जैन थी। भवन निर्माण के ठेकेदार ग्वालियर के आरबी गर्ग थे। प्रशासनिक संकुल भवन के भूतल पर 4125 वर्गमीटर में वाहनों हेतु पार्किंग, प्रथम तल पर 3925 वर्गमीटर में एसडीएम, तहसील कार्यालय एवं द्वितीय तल पर 3925 वर्गमीटर में कलेक्टर कार्यालय तथा तृतीय तल पर 1970 वर्गमीटर में संभागायुक्त कार्यालय का निर्माण किया गया ।

भवन में चार स्टेयर केस है। पांच लिफ्ट है। चार लिफ्ट 13 पैसेंजर एवं एक 28 पैसेंजर की है। सम्पूर्ण भवन में फायर फाईटिंग सिस्टम लगाया गया है। भूतल पर लगभग 500 दो पहिया वाहन एवं 40 चार पहिया वाहन खड़े किये जाने की पार्किंग क्षमता है। प्रथम तल पर 49 कक्ष हैं। द्वितीय तल पर कुल 44 कक्ष हैं। तृतीय तल पर कुल 25 कक्ष हैं। भवन में प्रवेश के चार द्वार है।

# आर्थिक और सफाई व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार की नीतियों के विरुद्ध कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए सौपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ›› सनावद



नगर की बदहाल आर्थिक और सफाई व्यवस्था को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने भाजपा पर पलटवार किया। कांग्रेस नेताओं ने नगरपालिका की दुर्दशा के लिए भाजपा और मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा को सीधे-सीधे जिम्मेदार ठहराया।

नपाध्यक्ष सुनीता इंदर बिरला के नेतृत्व में कांग्रेस ने नगरपालिका भवन के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया और एसडीएम सत्यनारायण दर्रो को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सनावद नगरपालिका के सफाई विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारी रुके हुए वेतन की मांग को लेकर पिछले एक सप्ताह से काम बंद हड़ताल कर रहे हैं। नगरपालिका कार्यालय में ताले लगाने के कारण स्थानीय निकाय से जुड़े नागरिकों के काम नहीं हो पा रहे हैं। नगरवासी नगरपालिका के कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन काम नहीं हो रहे हैं। सफाई कर्मचारी हड़ताल पर होने के कारण नगर की साफ-सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। ज्ञापन में कहा गया कि शासन के द्वारा जो चुंगी की राशि स्थानीय निकाय को दी जाती है, वह राशि भी पर्याप्त नहीं आ रही है। सीएमओ राजेंद्र मिश्रा नगर पालिका कार्यालय में पर्याप्त समय नहीं देते हुए अधिकांश समय छुट्टी पर रहते हैं।इस कारण कर वसूली का कार्य पूरी तरह ठप पड़ा है। ज्ञात हुआ है कि पिछले वर्ष भी कर वसूली लगभग 30 प्रतिशत ही हुई थी और एवं इस वर्ष भी अभी तक लगभग 15 से 20 प्रतिशत ही कर वसूली हो पाई है। ज्ञापन में सीएमओ के खिलाफ प्रशासनिक कार्यवाही की पुरजोर मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि सनावद नगरपालिका परिषद कांग्रेस की होने के कारण प्रदेश शासन द्वारा भेदभाव किया जा रहा है और पर्याप्त आर्थिक मदद नहीं दी जा रही है।इन सब कारणों से नगरपालिका की आर्थिक स्थिति बुरा तरह लड़खड़ा गई है।ज्ञापन में मांग की गई है कि नगरपालिका से जुड़ी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण किया अन्यथा कांग्रेस प्रचंड आंदोलन छेड़ने पर विवश होगी।इसके पूर्व कांग्रेस नेता नरेंद्र पटेल,नपाध्यक्ष सुनीता बिर्ला, तेजेंदरपाल सिंह कपूर,गौतम विद्यार्थी, उर्मिला जैन ने नगरपालिका की बदहाली के लिए भाजपा को जमकर आड़े हाथों लिया और सीएमओ को तत्काल हटाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता आशीष चौधरी, शेख साकेरीन,पार्षद जय शिंदे, अनिल बारे, पवन इंगला,शेरान शेख, सोनू पेंटर, हरमिंदरसिंह कपूर, आफताब हिलाल,शिवपाल यादव,मोनू जायसवाल, सौरभ यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

ज्ञापन सौंपे जाने के बाद नपाध्यक्ष और कांग्रेस पार्षद नगर की सफाई के लिए नगर की सड़कों और चौराहों पर उतरे और कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से कचरा एकत्रित किया।



## उदयगढ़ में भगोरिया मेले की तैयारियों का कलेक्टर व एसपी ने लिया जायजा

आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उदयगढ़ भगोरिया में प्रस्तावित आगमन को लेकर उदयगढ़ में आयोजित होने वाले भगोरिया मेले की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह ने भगोरिया स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। वहीं स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाने, जनपद सीईओ को ई-केवाईसी एवं समग्र शिविर आयोजित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणजन शासकीय योजनाओं का लाभ उठा सकें। कलेक्टर ने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के आगमन की संभावना को देखते हुए कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा व्यवस्थित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सौंपे गए दायित्वों का समय पर निर्वहन करने के लिए कहा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल,तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर तैयारियां तेज, भाबरा में कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ›› आलीराजपुर



अमर शहीद चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर 27 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्र शेखर आजाद नगर (भाबरा) में प्रस्तावित आगमन है। इसके साथ ही वह उदयगढ़ में आयोजित भगोरिया पर्व में भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया की संयुक्त टीम ने भाबरा पहुंचकर हेलिपैड, आजाद कुटिया, सभा स्थल एवं रोड शो मार्ग का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर मंच, बैठक व्यवस्था, निकासी द्वार, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अधिकारियों को साफ-सफाई व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा यातायात पुलिस को वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने के निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल एवं हेलिपैड पर सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेडिंग के लिए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर अस्थायी चिकित्सा केंद्र स्थापित करने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम, उप पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल, अनुविभागीय अधिकारी श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीआईजी, कलेक्टर एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सुरक्षा तैयारियों का निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ››

दिनांक 2 मार्च को मुख्यमंत्री की कृषि कैबिनेट बैठक के आयोजन के दृष्टिगत रखते हुए 26 फरवरी को डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक बड़वानी धीरज बब्बर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह, अपर कलेक्टर सोहन कनाश, एसडीएम राजपुर कुमार सानू देवढिया, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अनुभाग सेंधवा अजय वाघमारे तथा पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, आगमन एवं गमन मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा घेरा एवं विश्राम स्थलों का बारीकी से जायजा लिया गया, इस दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री के आगमन अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, नागरिक सुविधा, यातायात प्रबंधन एवं विभागीय समन्वय को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा सभी अधिकारी एवं कर्मचारी समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहकर पूर्ण सजगता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, साथ ही किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु कंटिजेंसी प्लान तैयार रखने एवं सभी व्यवस्थाओं को पूर्व परीक्षण के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी निमाड़ रेंज खरगोन सिद्धार्थ बहुगुणा, कलेक्टर बड़वानी श्रीमती जयति सिंह, अनुविभागीय दण्डाधिकारी सेंधवा आशीष सिंह आदि उपस्थित थे।

## ग्राम बबलाई में आदिवासी वनांचल में भगोरिया हाट की धूम



मंडलेश्वर । समीपस्थ ग्राम बबलाई में बुधवार को लगे भगोरिया हाट में ग्राम सहित आसपास के 20 आदिवासी वनांचल ग्रामों के हजारों ग्रामीण वासी महिला ,पुरुष, बच्चे ,बूढ़े पारंपरिक वेशभूषाओं में से शामिल हुए। समाजजनों में इस पर्व को लेकर सुबह से ही उत्साह देखा गया। भगोरिया हाट की शुरूआत पंचायत भवन के पास स्थित भगवान टंट्या मामा मंदिर में प्रतिमा की पूजा अर्चना और माल्यार्पण से हुई ।दोपहर बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।ढोल मांडल की थाप पर आदिवासी पारंपरिक वेशभूषाओं में समाजजन खूब थिरके । ग्रामीण महिलाओं , बच्चों ने जमकर खरीदारी की द्य बच्चों ने झूलों का आनंद लिया। मीठे और नमकीन व्यंजनों शीतल पेय,आइसक्रीम का लुत्फ उठाया। समाजजनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। युवक युवतियां पारंपरिक वेशभूषाओं में मांडल की थाप पर थिरकते हुए सेल्फी लेते हुए नजर आए। पुलिस और राजस्व विभाग के पटवारियों, कोटवारों की टीम ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। शाम 7 बजे तक भगोरिया हाट में उल्लास छाया रहा।

# कालजयी स्थान डोगंला से युवाओं ने डिजिटल साक्षरता का महत्वपूर्ण संदेश दिया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शिविर युवाओं को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं , जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक दृष्टि का विकास होता है और रासेयो का यह शिविर ऐसे स्थान पर लगा हैं जो विश्व की कालगणना की वैदिक स्थली हैं और यहीं से समय की सही एवं सटीक गणना होती हैं। इस कालजयी स्थान -डोगंला से युवाओं ने डिजिटल साक्षरता का महत्वपूर्ण सन्देश दिया है।

यह विचार सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कार्यपरिषद सदस्य श्री राजेश सिंह कुशवाह ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की रासेयो इकाई द्वारा डोंगला में आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में रासेयो स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। आपने कहा कि इस डोंगला स्थान को जी.पी.एस. के माध्यम से 35 वर्ष पूर्व पद्मश्री श्री विष्णु श्रीधर वाकणकर ने अपने पुरातात्विक खोज के तहत उस बिन्दु को देखा जहां 23 डिग्री अक्षांश पर छाया रूक जाती है और पुनः लौट जाती है। समारोह की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने की।श्री कुशवाह ने कहा कि उज्जैन के इसी डोंगला स्थान से विश्व के समय की सही गणना की जा सकती है ।श्री कुशवाह ने इस साल विश्वविद्यालय की रा.से.यो. इकाई के इस विशेष शिविर को उपलब्धि वाला बताया, क्योंकि स्वयंसेवकों ने ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों को डिजिटल शिक्षा के प्रति जागरूक किया। श्री कुशवाह ने रा.से.यो.स्वयंसेवकों को निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।कुलगुरु प्रो. भारद्वाज ने ग्रामीण सर्वेक्षण कार्य के दौरान केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक ग्रामीणजनों को मिले, इसलिए रासेयो के स्वयंसेवकों द्वारा ₹मेरे भारत के युवा और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा₹ थीम पर ग्रामीण रहवासियों का सर्वेक्षण कर जानकारी एकत्रित की गई वह एक सराहनीय कार्य था।

# करंट लगने से हुई मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से आर्थिक सहायता की गुहार

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में बीती 3 मार्च 2025 को करंट लगने से मनोज पिता नरसिंह यादव नि.बघाना की मृत्यु के मामले में जिला कलेक्टर से जनसुनवाई में मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने शासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है। मृतक के भाई त्रिलोक प्लास ने जिला कलेक्टर से मांग की कि नवीन कृषि उपज मण्डी चंगेरा में नवनिर्मित गोडाउनों की नियमानुसार 12 फीट उंचाई की बजाय 26 फीट हाईट को अनदेखा करने के कारण हुई मेरे भाई की करंट लगने से मृत्यु पश्चात विद्युत मण्डल/शासन से आर्थिक सहायता दिलवाई जाए। मनोज पिता नरसिंह यादव की 3 मार्च 2025 को कृषि उपज मण्डी चंगेरा में गोडाउन क्र.१ आर.एस.ट्रेडिंग के नियोजन में कार्य करते हुए करंट लगने से मृत्यु कारित हो गई थी। विद्युत मण्डल के नियमानुसार ११ केवी इलेक्ट्रिक लाईन के पास १२ फीट से अधिक भवन की उंचाई नहीं होनी चाहिए, जबकि नवीन कृषि उपज मण्डी में बनाए जा रहे गोडाउन क्र. 1 से 22 तक की उंचाई लगभग २६ फीट तक निर्मित की गई, जिस पर कार्य करने के दौरान मेरे भाई मनोज यादव की करंट लगने से मृत्यु हो गई। नियोजक द्वारा न तो उसे सुरक्षा मानक स्तर के उपकरण उपलब्ध कराए गए और न ही सुरक्षा सम्बंधी नियमों का पालन ही किया गया।

## झारबडे मेडिकल क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया

बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा बैतूल इकलहरा में 26 फरवरी गुरुवार को झारबडे मेडिकल क्लीनिक में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 26 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉ. सत्यम मिश्रा के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में, एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।



# भूत बंगला का पहला गाना रामजी आके भला करेंगे रिलीज

**अक्षय कुमार क्लासिक कॉमिक अंदाज में नजर आए, गाने में हाई-एनर्जी विजुअल्स दिखे**

फिल्म भूत बंगला के पहले गाने राम जी आके भला करेंगे को मेकर्स ने गुरुवार को रिलीज कर दिया। गाने में अक्षय कुमार अपने क्लासिक कॉमिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। वीडियो में हाई-एनर्जी विजुअल्स, भूतिया माहौल और तेज बीट्स देखने को मिलती हैं। बता दें कि गाने राम जी आके भला करेंगे को प्रीतम ने कंपोज किया है, जबकि इसके लिरिक्स कुमार (राकेश कुमार पाल) ने लिखे हैं। गाने को अरमान मलिक और आरवन (देव अरिजीत) ने आवाज दी है। वहीं, मेलो डी द्वारा लिखा और परफॉर्म किया गया रैप सेगमेंट ट्रैक में कंटेम्परेरी टच जोड़ता है।

**गाने को लोगों से पॉजिटिव रिएक्शन मिल रहा-** गाने रामजी आके भला करेंगे को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। फैंस अक्षय कुमार की क्लासिक कॉमिक एनर्जी और स्क्रीन प्रेजेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ ने इसे ओजी खिलाडी एनर्जी कहा, तो कई दर्शकों ने गाने को चार्टबस्टर करार दिया। यूट्यूब पर कमेंट्स में नॉस्टैल्जिया भी साफ झलक रहा है, जहां लोग प्रियदर्शन-अक्षय की पुरानी कॉमेडी फिल्मों को याद कर रहे हैं। हाई-एनर्जी बीट्स, फनी विजुअल्स और एंटरटेनमेंट फैक्टर को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। कुल मिलाकर, गाने को पॉजिटिव और एंगेजिंग रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होगी-** गौरतलब है कि फिल्म भूत बंगला को 2026 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में गिना जा रहा है। 14 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हिट जोड़ी बड़े पर्दे पर साथ लौट रही है। फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स और केप ऑफ गुड फिल्म्स मिलकर प्रेजेंट कर रहे हैं।

**श्रद्धा कपूर ने जुहू घर की लीज बढ़ाई**

# हर महीने देंगी 6 लाख रुपए किराया

## 12 महीने की डील 72 लाख की बनी

बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने मुंबई के जुहू इलाके में स्थित अपने लग्जरी अपार्टमेंट का किराया एक और साल के लिए रीन्यू कर लिया है, जिसमें वह हर महीने 6 लाख रुपए का किराया देने जा रही हैं। यह नई लीज फरवरी 2026 में आधिकारिक तौर पर रजिस्टर्ड हुई।

प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों के अनुसार, श्रद्धा ने इसी अपार्टमेंट को पिछले साल भी किराये पर लिया था और अब एक नया 12-महीने का करार तैयार किया गया है। इसका कुल किराया लगभग 72 लाख रुपए होगा, जो अगले एक साल में वह मालिक को चुकाएंगी।

यह घर जुहू के प्राइम बीच क्षेत्र में है, जिसकी कुल फ्लोर लगभग 365 वर्ग मीटर बताई गई है। इसके साथ 4 कार पार्किंग स्पॉट्स हैं, जो इस तरह के प्रीमियम घर में आम सुविधा मानी जाती है। नए करार पर स्टाम्प ड्यूटी के रूप में लगभग 36,000 रुपए और रजिस्ट्रेशन फीस के तौर पर 1,000 रुपए भी चुकाए गए।

मुंबई के जुहू इलाके को हमेशा से प्रीमियम रेजिडेंशियल जोन माना जाता रहा है। यहां कई हाई-एंड रिहायशी प्रॉपर्टीज, सी-फेसिंग फ्लैट्स और बॉलीवुड हस्तियों के घर हैं। जुहू की लोकप्रियता की वजह इसमें साफ सड़कों, एयरपोर्ट से कम दूरी और शहर के व्यापारिक इलाकों तक सहज कनेक्टिविटी है।

इस इलाके में पहले भी कई एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के नामी सितारों ने किराये के घर लिए हैं। कुछ ने लाखों रुपए प्रति माह का किराया चुकाया है। इसी वजह से मुंबई रियल एस्टेट में जुहू का रेंटल मार्केट हमेशा चर्चा में रहता है।



श्रद्धा कपूर ने बॉलीवुड में एक मजबूत पहचान बनाई है और कई हिट फिल्मों में काम किया है। हाल ही में वे स्त्री 2 जैसी सफल फिल्म में नजर आई थीं, और अब उनके आगे भी कई प्रोजेक्ट्स लाइन में हैं।

इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, इस रेंटल डील को लेकर अभिनेत्री की ओर से कोई व्यक्तिगत बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन रजिस्टर्ड दस्तावेजों से यह जानकारी सामने आई है कि उन्होंने अपनी सुविधाजनक और प्रीमियम रहने की जगह को एक और साल के लिए पक्का कर लिया है।



**'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स को झटका**

# रिलीज से एक दिन पहले केरल हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## 15 दिन के लिए टली फिल्म

केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म 'द केरल स्टोरी 2-गोज बियॉन्ड' की रिलीज पर अंतरिम रोक लगा दी है। केरल हाई कोर्ट ने गुरुवार को फिल्म केरल स्टोरी 2 की रिलीज पर 15 दिनों के लिए रोक लगा दी। कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि सेंसर बोर्ड ने फिल्म को सर्टिफिकेट देते हुए सोच-समझकर काम नहीं लिया। जस्टिस बेचू कुरियन थॉमस ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर यह आदेश दिया। फिल्म 27 फरवरी को रिलीज होने वाली थी।गाइडलाइंस का नहीं हुआ पालन

कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि फिल्म से सामाजिक सौहार्द न बिगड़े, यह पक्का करने के लिए बनाई गई गाइडलाइंस का सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने पालन नहीं किया।

- **याचिकाओं में क्या है-** हाईकोर्ट में दायर याचिकओं में 'द केरल स्टोरी 2' के मेकर्स को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से मिले सर्टिफिकेशन को चुनौती दी गई थी। इन याचिकाओं में दावा किया गया कि फिल्म में केरल को गलत तरीके से दिखाया गया। इससे कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है।
- **भाईचारा बिगड़ने का दिया हवाला-** फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिकाओं में, याचिकाकर्ता ने कहा कि फिल्म का टाइटल और प्रमोशनल मटीरियल दोनों ही केरल को गलत तरीके से दिखाते हैं। उनमें ऐसे थीम हैं जो भाईचारा बिगाड़ सकते हैं और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ सकते हैं। एक याचिका में टाइटल से 'केरल' हटाने के लिए भी निर्देश देने की मांग की गई थी।
- **ट्रेलर रिलीज के बाद मचा हंगामा-** विपुल अमृतलाल शाह के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' को ट्रेलर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर कड़े रिएक्शन मिले। फिल्म के एक सीन पर यूजर्स ने कड़ी आपत्ति जताई थी। इसमें जबरदस्ती एक महिला को प्रतिबंधित मांस खिलाया जाता है।
- **अदालत ने फिल्म देखने की जताई इच्छा-** मंगलवार को केरल हाई कोर्ट ने फिल्म देखने की इच्छा जताई थी। मेकर्स ने अदालत से कहा कि 'द केरल स्टोरी 2' ने सीबीएफसी से स्वीकृति ली है। इसके बाद याचिकाकताओं ने सीबीएफसी की तरफ से स्वीकृति दिए जाने पर भी सवाल उठाए हैं।

# बेटी के जन्म को याद कर इमोशनल हुई प्रियंका चौपड़ा

## बताया- जल्दबाजी में करनी पड़ी मालती के जन्म की घोषणा, कठिन समय में मंत्र बने सहारा

प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में सरोगेसी से जन्मी बेटी मालती मैरी के जन्म के समय को याद कर इमोशनल हो गईं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि वह दौर उनके लिए निजी तौर पर बेहद मुश्किल और ड्रॅमेटिक था। उसी समय उन्हें एक मैसेज मिला कि मीडिया में बच्ची के जन्म की खबर आने वाली है।

प्रियंका ने बताया कि वे सही समय पर खुद यह खबर शेयर करना चाहते थे, लेकिन लीक के कारण उन्हें जल्दी में पब्लिक अनाउंसमेंट करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि उस वक्त वे तैयार नहीं थे, क्योंकि बच्ची की सेहत को लेकर स्थिति साफ नहीं थी।

उन्होंने बताया कि उनकी बेटी 27 हफ्ते में पैदा हुई थी और 100 दिनों से अधिक समय तक एनआईसीयू यानी नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट में रही। उस कठिन समय के दौरान मेंटल सपोर्ट के लिए उन्होंने बच्ची के पास धीमी आवाज में महामृत्युंजय मंत्र जैसे मंत्र चलाए थे। प्रियंका ने बताया कि जन्म के वक्त बच्ची की हालत नाजुक थी। एक्ट्रेस ने कहा, वह पर्पल (रंग) दिख रही थी। यह समय एक्ट्रेस और उनकी पति के निक जोनस के लिए काफी कठिन रहा। उन्होंने माना कि यह उनके जीवन के सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में से एक था। यह समय कोविड-19 महामारी के दौरान था, इसलिए अस्पताल में नियम सख्त थे। शुरूआत में मिलने की अनुमति सीमित थी। प्रियंका ने बताया कि बच्ची बहुत छोटी थी। मेडिकल प्रोसीजर के दौरान नर्सों को खास सावधानी रखनी पड़ती थी। एक्ट्रेस ने कहा कि शुरूआती घंटों में वह सुन्न महसूस कर रही थीं। सरोगेट की रिकवरी ठीक रही, लेकिन वह खुद स्थिति को समझने की कोशिश कर रही थीं। एक्ट्रेस ने यह भी बताया कि कई लोग बच्ची के लिए दुआ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मालती का इस दुनिया में आना आसान नहीं था। इलाज के दौरान बच्ची को कई मेडिकल सपोर्ट देने पड़े और छह ब्लड ट्रांसफ्यूजन भी हुए।



### एनआईसीयू में मंत्र क्यों चलाए?

एनआईसीयू में रहने के दौरान प्रियंका और निक जोनस ने शिफ्ट्स में समय बिताया। दोनों कोशिश करते थे कि बच्ची अकेली न रहे। निक जोनस कभी-कभी गिटार पर गाने गाते थे। प्रियंका ने बच्ची के पास एक आईपॉड रखा। उसमें महामृत्युंजय मंत्र, गायत्री मंत्र और ओम नमः शिवाय जैसे मंत्र धीरे आवाज में चलते थे। उन्होंने कहा कि इससे उन्हें मेंटल सपोर्ट मिला। इससे ध्यान और बैलेंस मेंटेन करने में मदद मिली। प्रियंका ने बताया कि शुरूआत में अस्पताल में एक समय पर एक ही व्यक्ति को मिलने की अनुमति थी। उन्होंने बच्ची की पहली आवाज को बहुत हल्का बताया। उन्होंने कहा, आवाज बिल्ली जैसी धीमी थी। डॉक्टरों ने कई मेडिकल सपोर्ट दिए। बच्ची को ब्लड ट्रांसफ्यूजन भी लगे। इस दौरान दोनों ने अपने प्रोफेशनल वर्क रोक दिए। वे अस्पताल में बच्ची के साथ रहे। प्रियंका ने कहा कि उन्होंने खुद को मजबूत रखने की कोशिश की। उन्होंने कहा, मुझे डरने या टूटने का विकल्प नहीं था। मुझे मां के रूप में मौजूद रहना था। वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म ह्यद ब्लफ का प्रमोशन कर रही हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो पर 25 फरवरी को रिलीज हुई।

## टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया

# भारत ने मैच 72 रन से अपने नाम किया

### एक इनिंग में हाईएस्ट सिक्स भी लगाए, दोनों टीमों ने मिलकर 440 रन बनाए




ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

गुरुवार को टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसी के साथ एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मुकाबले में दोनों टीमों ने मिलकर 440 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे ने भी दम दिखाया, लेकिन टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। भारत ने मैच 72 रन से अपने नाम किया।

**भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया-** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा टोटल बना दिया। टीम ने 4 विकेट खोकर 256 रन बना डाले। भारत से आगे सिर्फ श्रीलंका है, जिसने 2007 में केन्या के खिलाफ 260 रन बनाए थे।

**भारत ने एक टी-20 वर्ल्ड कप इनिंग में हाईएस्ट सिक्स लगाए-** भारत ने 17 सिक्स लगाए, जो किसी एक वर्ल्ड कप पारी में टीम के सबसे ज्यादा सिक्स हैं। इससे पहले भारत ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 सिक्स लगाए थे। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत अब तक 63 छक्के लगा चुका है, जो किसी एक एडिशन में उसका बेस्ट प्रदर्शन भी है। इस मामले में सिर्फ वेस्टइंडीज (66) भारत से आगे है।

**भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में 5वीं बार 200+ टोटल बनाया-** भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन बनाकर टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में 5वीं बार 200+ स्कोर का आंकड़ा पार किया। इस सूची में भारत दूसरे स्थान पर है, जबकि साउथ अफ्रीका 6 बार 200+ टोटल बनाकर टॉप पर काबिज है।

**टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा हाईएस्ट एग्रीगेट स्कोर बना-** भारत और जिम्बाब्वे के बीच कुल 440 रन बने, जो टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा मैच एग्रीगेट है। इस लिस्ट में टॉप पर 2016 में वानखेड़े में खेला गया साउथ अफ्रीका बनाम इंग्लैंड मुकाबला है, जिसमें 459 रन बने थे।

दिलचस्प बात यह है कि 2007 के पहले वर्ल्ड कप में भी भारत और इंग्लैंड के बीच 418 रन बने थे, जो आज भी टॉप हाई-एग्रीगेट मैचों में शामिल है।

**हार्दिक नंबर-5 या उससे नीचे सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले प्लेयर-** मिडिल-ऑर्डर और फिनिशर रोल में भारत के हार्दिक पांड्या का रिकॉर्ड टी-20 वर्ल्ड कप में बेहद शानदार रहा है। नंबर-5 या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 4 अर्धशतक लगाए हैं, जो इस पोजिशन पर किसी भी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनसे पहले डेविड मिलर, शोएब मलिक और मार्कस स्टोयनिस ने 3-3 हाफ सेंचुरी लगाई हैं।

**जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़ा पावरप्ले टोटल बना-** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर बन गया है। भारत ने शुरूआती 6 ओवर में 80 रन बना दिए। यह ओवरऑल भारत का वर्ल्ड कप में तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले टोटल भी है। इसी वर्ल्ड कप में नामीबिया के खिलाफ 86/1 रन बनाकर भारत ने बेस्ट पावरप्ले टोटल दर्ज किया था।

**रजा टी-20 में 3 हजार रन और 100 विकेट लेने वाले दूसरे प्लेयर-** जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली है। वे 3000 से ज्यादा रन बनाने और 100 से ज्यादा विकेट लेने वाले दुनिया के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले यह कारनामा मलेशिया के वीरनदीप सिंह कर चुके हैं।

**नगारवा जिम्बाब्वे के लिए एक स्पेल में सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर-** रिचर्ड नगारावा जिम्बाब्वे के लिए टी-20 इंटरनेशनल के सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए। उन्होंने अपने 4 ओवर में 62 रन लुटाए। यह किसी भी जिम्बाब्वे गेंदबाज द्वारा एक पारी में दिया गया सबसे ज्यादा रन है। इससे पहले यह अनचाहा रिकॉर्ड क्रिस मपोफू के नाम दर्ज था।

**मपोसा वर्ल्ड कप के डेब्यू ओवर में दूसरे सबसे महंगे बॉलर-** जिम्बाब्वे के टिनोटेंडा मपोसा ने अपने टी-20 वर्ल्ड कप का पहला ओवर बेहद महंगा डाला। उन्होंने भारत के खिलाफ 23 रन खर्च किए, जो टूर्नामेंट इतिहास में किसी गेंदबाज के डेब्यू ओवर में दूसरे सबसे ज्यादा रन हैं। इस लिस्ट में उनसे आगे सिर्फ केन्या के स्टीव टिकोलो हैं, जिन्होंने 2007 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के खिलाफ अपने एकमात्र ओवर में 25 रन दिए थे।

## वेस्टइंडीज की हार से भारत की राह आसान

# अब विंडीज को ही आखिरी मैच हराना होगा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जोहान्सबर्ग

टी-20 वर्ल्ड कप में गुरुवार का दिन भारतीय टीम के लिए अच्छा रहा। साउथ अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हरा दिया, वहीं टीम इंडिया ने आखिरी मुकाबले में जिम्बाब्वे को 72 रन से हराया। इन नतीजों से वेस्टइंडीज और भारत के बीच होने वाला मुकाबला नॉकआउट की तरह हो गया। 1 मार्च को कोलकाता में यह मैच होगा, जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी, वहीं हारने वाली टीम बाहर हो जाएगी। आज न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्रुप-2 का मुकाबला होगा। न्यूजीलैंड जीता तो टीम इंग्लैंड के साथ सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी।

**भारत को एक जीत चाहिए-** साउथ अफ्रीका ने सुपर-8 स्टेज में लगातार 2 मैच जीत लिए। टीम 4 पॉइंट्स के साथ सेमीफाइनल में पहुंच गई। जिम्बाब्वे दूसरी हार के बाद नॉकआउट की रेस से बाहर हो गई। अब जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के बीच 1 मार्च को मुकाबला होगा। साउथ अफ्रीका जीतकर ग्रुप-1 में टॉप पर फिनिश कर सकता है। वहीं जिम्बाब्वे जीतकर साउथ अफ्रीका को नंबर-2 पर खिसका सकता है।

वेस्टइंडीज को साउथ अफ्रीका ने हरा दिया। इससे भारत और विंडीज के पास सुपर-8 में 1 जीत और 1 हार हो गई। अब दोनों टीमें 1 मार्च को कोलकाता में शाम 7 बजे से आमने-सामने होंगी। यह मुकाबला नॉकआउट ही होगा। जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, वहीं हारने वाली टीम का सफर खत्म हो जाएगा।

### सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू

**जामनगर।** सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक के प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू हो गए हैं। शुरूआत गुजरात के जामनगर में अंबानी परिवार के घर पर हुई, जहां तेंदुलकर और अंबानी परिवार के सदस्य देसी रंग में नजर आए। सचिन तेंदुलकर ने इस मौके पर बेटे को लेकर भावुक बात कही। उन्होंने कहा कि जब बेटा किसी लड़की को घर लाकर परिचय कराने आता है, तब पता चलता है कि बेटा बड़ा हो गया है।




**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्माः 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबरः 8959513547







**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### वैश्विक व्यापार के लगभग

# दो-तिहाई हिस्से तक भारत की पहुंच



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने कई मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिक पहुंच बना ली है और वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश आर्थिक साझेदारियां मजबूत कर रहा है। आइए विस्तार से जानते हैं।

उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक साझेदारियों को तेजी से मजबूत कर रहा है। अब देश को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिक व्यापार पहुंच प्राप्त है।

गोयल ने यह बात कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री द्वारा आयोजित 5वें नेशनल एक्सपोर्ट्स कॉम्पिटिटिवनेस समिट 2026 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म थीम पर आधारित इस समिट में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति-निमार्ता, राजनयिक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए, जहां 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

मंत्री ने कहा कि जब दुनिया अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, तब भारत व्यापार, विश्वास और परिवर्तन के पुल बना रहा है। इसे वैश्विक वाणिज्य में भारत की बढ़ती भूमिका का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और ये सभी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हुए हैं। गोयल के अनुसार, इन समझौतों ने भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया यह नहीं पूछती कि भारत के साथ व्यापार करना है या नहीं, बल्कि यह पूछती है कि भारत के साथ व्यापार और कारोबारी संबंध कितनी तेजी से बढ़ाए जा सकते हैं।

### क्या समझौते से शुरू होगा विकास का अगला चरण?

# भारत-ब्राजील के बीच 10.8 अरब डॉलर का रहा व्यापार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत और ब्राजील ने 2030 तक आपसी व्यापार को 30 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, हालांकि हाल के वर्षों में व्यापार घटकर 10.8 अरब डॉलर तक आ गया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के भारत दौरे और नए समझौतों से एनर्जी, फार्मास्यूटिकल्स, जरूरी खनिज और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की उम्मीद है।

भारत और ब्राजील ने 2030 तक अपने आपसी व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 30 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। हांलाकि वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-दिसंबर 2025) में व्यापार घटकर 10.8 अरब डॉलर तक कम हो गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के हाल के भारत के दौरे से एनर्जी, फार्मास्यूटिकल्स और आवश्यक मिनरल्स जैसे क्षेत्रों सहित संपूर्ण व्यापार में तेजी आएगी। रूबिक्स डेटा साइंसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत-ब्राजील के बीच नए सिरे से जुड़ाव ऐसे समय में हुआ है, जब भारत कई व्यापारिक समझौते और बातचीत के जरिए वैश्विक व्यापार में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस मामले में ब्राजील जो एक बड़ा एनर्जी उत्पादक और विश्व का सबसे बड़ा कृषि निर्यातक है, उसके साथ गहरे रिश्ते भारत की सप्लाई चेन की मजबूती, आवश्यक रिसोर्स को सुरक्षित करने और लैटिन अमेरिका में अपनी मौजूदगी को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

**2030 तक दोनों देशों के बीच 30 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य-** रिपोर्ट के अनुसार ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक पार्टनर है, जिसके कुल सामान का व्यापार वित्त वर्ष 2023 में 16.6 अरब डॉलर के पर पहुंच गया था। हालांकि वित्त वर्ष 2025 में व्यापार घटकर 12.2 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-दिसंबर 2025) में 10.8 अरब डॉलर हो गया है, लेकिन नवीनतम समझौते रणनीतिक क्षेत्रों और दीर्घकालिक आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के माध्यम से व्यापार को बढ़ाने की दिशा में बदलाव का संकेत देते हैं।

**एनर्जी सहयोग को और बढ़ाया गया-** रिपोर्ट के अनुसार भारत-ब्राजील समझौते में एनर्जी कोऑपरेशन को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। इसमें ब्राजील की पेट्रोब्रास ने भारतीय रिफाइनरी आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल के साथ क्रूड ऑयल सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट को मार्च 2027 तक रिन्यू किया है। इसमें 3.1 अरब डॉलर से अधिक की कीमत के 60 मिलियन बैरल तक के संभावित शिपमेंट शामिल हैं। यह तब हो रहा है, जब भारत वैश्विक भू-राजनीतिक बदलाओं के बीच अपनी क्रूड सोर्सिंग में विविधता ला रहा है।

**पारंपरिक तेल और कमोडिटी से बढ़कर व्यापार में विविधता-** रिपोर्ट के अनुसार आयात के मोर्चे पर ब्राजील से भारत के आयात की संरचना में उल्लेखनीय बदलाव आया है। घरेलू कमी के कारण गन्ने और चुकंदर से बनी चीनी का ब्राजील से आयात वित्त वर्ष 2022 में 3 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 25 प्रतिशत हो गया। इसके विपरित ब्राजील से भारत के आयात में कच्चे तेल का हिस्सा 39 प्रतिशत से घटकर 24 प्रतिशत हो गया। जो कि वैश्विक ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की भारत की व्यापक रणनीति को दशार्ता है। साथ ही लौह स्क्रैप और कच्चे कपास के बढ़ते आयात से दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच विनिर्माण संबंधों के मजबूत होने के संकेत देता है।



### कॉरपोरेट और निवेशक में तेजी

रिपोर्ट का कहना है, इस समझौते में कॉरपोरेट और निवेश में सहयोग तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया गया है। जुलाई 2023 और अगस्त 2024 के बीच भारत ने 77 ब्राजीलियन ट्रेड मिशन को होस्ट किया, जो कि पहले के स्तर से दोगुने से भी अधिक है। इनमें एयरोस्पेस, रक्षा, हेल्थ केयर और मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं।

### फार्मास्यूटिकल्स और आवश्यक मिनरल्स ग्रोथ पर सहयोग बढ़ा

रिपोर्ट में बताया गया है, कि फार्मास्यूटिकल्स एक बड़े मौके के तौर पर उभर रहा हैं। निर्यात में ब्राजील का हिस्सा 5 प्रतिशत से बढ़कर 6 प्रतिशत हो गया है। इसे भारत के मानक नियंत्रण संगठन और ब्राजील की नेशनल हेल्थ सर्विलांस एजेंसी के बीच नए रेगुलेटरी सहयोग से मदद मिली है। इसमें ब्राजील के बड़े हेल्थकेयर बाजार में भारतीय जेनेरिक दवा बनाने वालों के लिए जल्द और आसानी से अप्रूवल मिल सके और उनकी पहुंच बढ़ सके। रिपोर्ट के अनुसार व्यापारिक आंकड़े विविधिता को दिखाते हैं, जिसमें भारत का ब्राजील को निर्यात वित्त वर्ष 2022 (अप्रैल-दिसंबर 2025) में 6.5 अरब डॉलर से बढ़तर वित्त वर्ष 2023 में 9.9 अरब डॉलर हो गया और वित्त वर्ष 2026 में 5.4 अरब डॉलर हो गया।

### वैश्विक व्यापार में

# तनाव से सर्राफा बाजार में तेजी, चांदी 2.77 लाख के पार



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ के कारण वैश्विक बाजार में अनिश्चितता के बीच सोने और चांदी की कीमतों में भारी उछाल दिखा है। बुधवार को दिल्ली में चांदी 2.77 लाख और सोना 1.64 लाख के पार पहुंच गया है। आइए जानते हैं सरार्फा बाजार का विस्तृत हाल।

वैश्विक व्यापार नीतियों में अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश (सेफ हेवन) के रूप में सोने-चांदी की मांग में जोरदार इजाफा हुआ है। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की शानदार तेजी दर्ज की गई, जिससे निवेशकों का रुझान एक बार फिर रक्षात्मक संपत्तियों की ओर स्पष्ट रूप से दिखा है।

घरेलू बाजार में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में सोने की कीमतों में बढ़त का सिलसिला जारी रहा। 'ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन' द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार:

**चांदी:** सफेद धातु की कीमत 5,900 रुपये (2 प्रतिशत) के भारी उछाल के साथ 2,77,900 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। मंगलवार को यह 2,72,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

**सोना:** 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने में 1,000 रुपये (लगभग 1 प्रतिशत) की मजबूती आई और यह 1,64,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में इसका भाव 1,63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में शानदार रिकवरी-** वैश्विक स्तर पर भी बुलियन मार्केट में तेजी का रुख है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्पॉट सिल्वर 3.13 डॉलर (3.59 प्रतिशत) चढ़कर 90.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि सोना लगभग 1 प्रतिशत की बढ़त के साथ 5,181.46 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

# हवाई यात्रियों को बड़ी राहत, अब 48 घंटे में फ्री टिकट कैंसिलेशन और 14 दिन में रिफंड अनिवार्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के नागरिक उड्डयन क्षेत्र में यात्रियों को महत्वपूर्ण राहत मिली है। भारत के विमानन नियामक निदेशालय नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानी डीजीसीए ने एयरलाइन टिकट रिफंड नियमों में बड़ा संशोधन करते हुए यात्रियों के हित में कई अहम फैसले लागू कर दिए हैं। नए नियमों के तहत अब यात्री टिकट बुकिंग के 48 घंटे के भीतर बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकट रद्द या उसमें संशोधन कर सकेंगे, हालांकि यह सुविधा निर्धारित शर्तों के अधीन होगी। इस कदम को लगातार बढ़ती यात्री शिकायतों और रिफंड में हो रही देरी को देखते हुए उठाया गया है।




डीजीसीए ने यह बदलाव संशोधित सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स (सीएआर) के तहत किए हैं, जो सार्वजनिक परिवहन उपक्रमों द्वारा जारी एयरलाइन टिकटों के रिफंड से संबंधित हैं। विमानन क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में इसे एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। लंबे समय से यात्री संगठनों और उपभोक्ता मंचों की ओर से यह मांग उठाई जा रही थी कि टिकट रद्द करने और रिफंड की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाया जाए।

नए नियमों के अनुसार यदि कोई यात्री टिकट बुक करने के 48 घंटे के भीतर अपनी यात्रा योजना बदलना चाहता है तो उसे अतिरिक्त कैंसिलेशन चार्ज नहीं देना होगा। इससे विशेष रूप से उन यात्रियों को राहत मिलेगी जो जल्दबाजी में टिकट बुक कर लेते हैं और बाद में तिथि या योजना में बदलाव करना चाहते हैं। हालांकि डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा कुछ निर्धारित शर्तों के साथ लागू होगी, जिनका पालन यात्रियों को करना होगा।

- इसके अलावा डीजीसीए ने नाम सुधार को लेकर भी अहम फैसला लिया है। यदि किसी यात्री से टिकट बुकिंग के दौरान नाम की स्पेलिंग में छोटी गलती हो जाती है और वह 24 घंटे के भीतर इसकी सूचना देता है, तो एयरलाइन उससे अतिरिक्त शुल्क नहीं वसूल सकेगी। लेकिन यह नियम केवल उन टिकटों पर लागू होगा जो सीधे संबंधित एयरलाइन की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से बुक किए गए हों। इस निर्णय का उद्देश्य छोटे-मोटे टाइपिंग एरर के कारण यात्रियों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करना है।
- रिफंड प्रक्रिया को लेकर भी डीजीसीए ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। यदि टिकट किसी ट्रैवल एजेंट या ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खरीदा गया है, तब भी रिफंड की अंतिम जिम्मेदारी एयरलाइन की ही होगी। नियामक ने साफ कहा है कि ट्रैवल एजेंट एयरलाइनों के अधिकृत प्रतिनिधि होते हैं और यात्रियों को रिफंड के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए।

### साइबर हमलों पर सख्त हुआ अमेरिका

# संवेदनशील टूल्स और चोरी हुए ट्रेड सीक्रेट्स की बिक्री पर लगाया बैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

समाचार विश्लेषणः अभिमनोज . वैश्विक स्तर पर बढ़ते साइबर हमलों और डिजिटल जासूसी की घटनाओं के बीच अमेरिका ने एक बड़ा और सख्त कदम उठाते हुए संवेदनशील साइबर एक्सप्लॉइट टूल्स और चोरी किए गए ट्रेड सीक्रेट्स की खरीद-फरोख्त में शामिल चार व्यक्तियों और तीन कंपनियों पर साइबर प्रतिबंध लगा दिए हैं। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेजरी ने घोषणा की कि ये प्रतिबंध उन संगठनों और व्यक्तियों पर लगाए गए हैं जिनकी गतिविधियां अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानी गई हैं। इनमें रूस और संयुक्त अरब अमीरात से जुड़े तत्व भी शामिल बताए जा रहे हैं।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार संबंधित व्यक्ति और कंपनियां ऐसे साइबर टूल्स के लेनदेन में शामिल थीं जिनका उपयोग हैकिंग, डेटा चोरी और संवेदनशील नेटवर्क में घुसपैठ के लिए किया जा सकता है। ये टूल्स केवल तकनीकी प्रयोग तक सीमित नहीं थे, बल्कि इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा प्रतिष्ठानों और कॉर्पोरेट ढांचे को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से इस्तेमाल किए जाने की आशंका जताई गई है। यूनाइटेड स्टेट्स डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट ने एक अलग बयान में स्पष्ट किया कि जिन लोगों और कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें से कुछ को प्रोटेक्टिंग अमेरिकन इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी एक्ट के तहत भी चिह्नित किया गया है। इस कानून के अंतर्गत अमेरिकी नागरिकों और कंपनियों के ट्रेड सीक्रेट्स की चोरी को गंभीर अपराध माना जाता है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि बौद्धिक संपदा की चोरी केवल आर्थिक नुकसान नहीं पहुंचाती, बल्कि यह राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक बढ़त को भी कमजोर करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि साइबर बैन केवल दंडात्मक कदम नहीं होता, बल्कि यह एक स्पष्ट संदेश भी होता है कि डिजिटल क्षेत्र में की गई आपराधिक गतिविधियों को सीमा पार संरक्षण नहीं मिलेगा। प्रतिबंध के तहत संबंधित व्यक्तियों और कंपनियों की अमेरिकी संपत्तियां फ्रीज कर दी जाती हैं और अमेरिकी नागरिकों को उनके साथ किसी भी प्रकार का व्यावसायिक लेनदेन करने से रोका जाता है।

## नंदगांव में सखियों ने हुरियारों पर लाठियां बरसाईं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मथुरा

मथुरा के नंदगांव की रंगीली चौकी पर गुरुवार को लट्ठमार होली खेली गई। सजी-धजी राधारानी की सखियों ने बरसाना से आए हुरियारों पर लट्ठ बरसाए। हुरियारों ने सखियों के हमलों को अपनी ढाल से रोका।

इस दौरान करीब 11 क्विंटल अबीर गुलाल भी उड़ाया गया। साथ ही लोगों ने डांस किया। लट्ठमार होली देखने के लिए देश-विदेश से करीब 10 लाख लोग नंदगांव पहुंचे थे। नंदगांव में भगवान श्रीकृष्ण का बचपन बीता था, जबकि बरसाना में राधाजी पली-बड़ी हुई थीं। दोनों गांव के बीच सिर्फ 8' की दूरी है। द्वापर युग से परंपरा रही है कि पहले नंदगांव से श्रीकृष्ण के सखा बरसाना में होली खेलने जाते हैं। उसके अगले दिन बरसाना के हुरियारे नंदगांव में लट्ठमार होली खेलने आते हैं।


इससे पहले बुधवार (25 फरवरी) को बरसाना में लट्ठमार होली खेली गई थी। तब नंदगांव से गए श्रीकृष्ण के सखाओं पर बरसाना की सखियों ने जमकर लाठी बरसाई थीं। होली खेलने के बाद हुरियारों ने नंद बाबा मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के महंतों ने भी हुरियारों पर गुलाल बरसाया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ सूरज पटेल ने बताया- नंदगांव में लट्ठमार होली खेली गई। यहां हम लोगों ने शानदार व्यवस्था की थी। परिषद और प्रशासन ने भी सहयोग किया।

### वॉट्सएप 1 मार्च से सिम कार्ड के बिना नहीं चलेगा:

# सरकार ने डेडलाइन बढ़ाने से मना किया; कंप्यूटर पर हर 6 घंटे में लॉगआउट होगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ कर दिया है कि 'सिम बाइंडिंग' के नियमों को लागू करने की 28 फरवरी की डेडलाइन नहीं बढ़ाई जाएगी। नए नियमों के तहत मोबाइल में सिम कार्ड न होने पर वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग एप काम नहीं करेंगे। कंप्यूटर पर लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे साइबर धोखेबाजों का पता लगाने में मदद मिलेगी।



### समझिए क्या है नया नियम और आप पर कैसे होगा असर?

**क्या है सिम बाइंडिंग?-** सिम बाइंडिंग एक सुरक्षा कवच है। यह आपके मैसेजिंग एप को आपके फिजिकल सिम कार्ड के साथ 'लॉक' कर देता है। इसका सबसे बड़ा



फायदा यह है कि कोई भी हैकर या ठग आपके नंबर का इस्तेमाल किसी दूसरे डिवाइस पर बैठकर नहीं कर पाएगा।

**सम बाइंडिंग का नया नियम कब से लागू होगा?-** जब आप किसी एप को सिम बाइंडिंग से जोड़ते हैं, तो वह एप तभी खुलेगा जब आपका रजिस्टर्ड सिम कार्ड उसी फोन के अंदर मौजूद होगा। यह नियम 1 मार्च 2026 से प्रभावी होगा।

**सरकार ने डेडलाइन बढ़ाने से मना क्यों किया?-** केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि फिलहाल नियमों को मानने की समय-सीमा आगे बढ़ाने पर कोई विचार नहीं है। उन्होंने कहा कि ये नियम राष्ट्रीय सुरक्षा और धोखाधड़ी रोकने के लिए लागू किए गए हैं और सुरक्षा के मुद्दों पर सरकार कोई समझौता नहीं करेगी।

**1 मार्च से यूजर्स को क्या करना होगा?-** यूजर्स को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनका वॉट्सएप जिस नंबर पर है, वह सिम उसी फोन में लगा हो। अगर सिम कार्ड फोन से बाहर निकाला तो मैसेजिंग एप काम करना बंद कर सकता है।

**टेक कंपनियों और संस्थाओं का इस पर क्या रुख है?-** इंडस्ट्री एसोसिएशन ने सरकार को चेतावनी दी है कि हर 6 घंटे में लॉगआउट करने का नियम प्रोफेशनल्स के लिए परेशानी भरा होगा। साथ ही उन यूजर्स को भी दिक्कत होगी जो एक ही अकाउंट शेयर करते हैं।

**कंपनियों ने नियम नहीं माना तो क्या कार्रवाई होगी?-** केंद्र सरकार के आदेश के मुताबिक कंपनियों को 120 दिन के भीतर इसको लेकर रिपोर्ट देनी होगी। नियमों का पालन न करने पर टेलीकम्युनिकेशन एक्ट 2023, टेलीकॉम साइबर सिक्योरिटी रूल्स और दूसरे लागू कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दो अन्य मामलों पर भी जानकारी दी-

#### 1. स्टारलिंक की लॉन्चिंग

सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस 'स्टारलिंक' के बारे में सिंधिया ने बताया कि कंपनी ने अभी तक सरकारी सुरक्षा एजेंसियों के सामने जरूरी डेमो पूरे नहीं किए हैं। कंपनी को यह दिखाना होगा कि वह भारतीय सीमाओं के बाहर इंटरनेट एक्सेस बंद कर सकती है। जरूरत पड़ने पर नेटवर्क पर कंट्रोल दे सकती है।

#### 2. BSNL अफसर का मामला

हाल ही में BSNL डायरेक्टर विवेक बंजल के प्रयागराज दौरे का एक सरकारी आदेश वायरल हुआ था। इसमें उनकी सेवा के लिए करीब 50 कर्मचारियों का इंतजाम करने को कहा गया था।

### 1 मार्च से वॉट्सएप चलाने के नियम बदलेंगे

| फीचर | अभी | 1 मार्च से |
|---|---|---|
| सिम की जरूरत | सिम निकाल देने पर भी फोन में एप चलता रहता है। | फोन में रजिस्टर्ड सिम का होना और एक्टिव रहना अनिवार्य होगा। |
| वॉट्सएप वेब (PC) | एक बार लॉगिन करने पर हफ्तों तक एक्टिव रहता है। | सुरक्षा के लिए हर 6 घंटे में अपने आप लॉग-आउट हो जाएगा। |
| सिक्योरिटी | ओटीपी (OTP) के जरिए कहीं भी लॉगिन संभव है। | सिम बाइंडिंग' के बिना ऐप काम करना बंद कर देगा। |
| नियम उल्लंघन | कोई विशेष पेनल्टी या रिपोर्टिंग नहीं थी। | कंपनियों को 120 दिन में पालन की रिपोर्ट देनी होगी। |

### मेडिकल रिपोर्ट आई, पीड़ित बटुक बोला- अविमुक्तेश्वरानंद ने शोषण किया

# शंकराचार्य केस में दावा- यौन शोषण की पुष्टि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाराणसी

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ यौन उत्पीड़न मामले में बच्चों की मेडिकल रिपोर्ट आ गई है। पुलिस सूत्रों का दावा है कि बच्चों के साथ कुकर्म की पुष्टि हुई है। पुलिस ने बुधवार को पीड़ित नाबालिगों का मेडिकल टेस्ट कराया था। दो डॉक्टरों के पैनल ने प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में मेडिकल टेस्ट किया।

रिपोर्ट बंद लिफाफे में गुरुवार को जांच अधिकारी को सौंप दी गई है। इसे शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बटुकों से कुकर्म किसने किया? कब किया? कहां किया? ये जांच का विषय है। पूरी जांच के बाद साफ होगा कि अविमुक्तेश्वरानंद पर लगे आरोप कितने सही हैं। थाना प्रभारी झूंसी महेश मिश्र ने बताया कि कोर्ट का मामला है। ज्यादा जानकारी नहीं दे सकते।

इससे पहले, शंकराचार्य पर केस दर्ज कराने वाले आशुतोष महाराज ने बुधवार को कहा था कि सारे सबूत हैं। मेडिकल में बटुकों से कुकर्म की पुष्टि हुई है। जल्द न्याय होगा। इधर, एक पीड़ित बटुक पहली बार मीडिया के सामने आया। उसने 'आज



तक' को दिए इंटरव्यू में दावा किया- मैं अध्ययन के लिए गया था, तभी मेरा शोषण किया गया। हमारे साथ और भी बच्चे थे, उनका भी शोषण किया गया।

किसने शोषण किया? इस पर पीड़ित ने कहा- अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद। क्या आप माघ मेले की बात कर रहे? इस पर उसने कहा- जी, वहां पर भी मेरे साथ 16 जनवरी को शोषण किया। शंकराचार्य के शिष्य प्रकाश और अरविंद बच्चों को बाहर से लाते हैं। इसके बाद उनके साथ यौन शोषण किया जाता है।

गुरुवार दोपहर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद से मिलने एक मुस्लिम शख्स पहुंचा। उसने कहा- शंकराचार्य पर आरोप लगाना बेवकूफी है।

### शंकराचार्य बोले- एपस्टीन फाइल की बातें दबाई जा रहीं

इधर, अविमुक्तेश्वरानंद ने वाराणसी में मेडिकल रिपोर्ट पर कहा- आशुतोष महाराज ने रिपोर्ट की बातें बताईं। जांच टीम क्या कर रही है? क्या पुलिस ने उन्हें परमानेंट प्रवक्ता बना लिया? एक हिस्ट्रीशीटर (आशुतोष महाराज) कहानी बनाकर फैला देता है। सारे लोग उसमें दबकर हाय-दइया करने लगते हैं। हमें कोई खतरा नहीं है। अभी हमें मार दो। हम तो अपना पिंडदान कर चुके हैं।

उन्होंने कहा- जनता को शंकराचार्य की कहानी देखने में लगा दिया गया है। इससे एपस्टीन फाइल से जो चीजें निकलकर आई हैं, उन्हें दबाया जा रहा। अब सवाल यह है कि कोर्ट की प्रोसीडिंग पूरी तरह गोपनीय रहती है। इसके बारे में कोर्ट, शिकायतकर्ता, पुलिस और खुद पीड़ित को ही जानकारी होती है। ऐसे में चैनल को यह किसने बताया कि ये बच्चे हैं? इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाने पर शंकराचार्य ने कहा- मठ को संरक्षित करने के लिए एक वर्ग होता है। उनका कहना है कि अगर जेल में जाकर आपको जहर का इंजेक्शन लगा दिया गया तो? ऐसी कई तरह की कहानियां सामने आ चुकी हैं।

शंकराचार्य के वकील को जान से मारने की धमकी मिली है। उनके मोबाइल पर बुधवार देर रात धमकी भरा मैसेज आया। लिखा था- वाराणसी की कचहरी को बम से उड़ा देंगे, तुम्हें भी। फिलहाल, प्रयागराज पुलिस चार दिनों से वाराणसी में डेरा डाले हुए है। पुलिस शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। हालांकि, अभी तक आश्रम नहीं पहुंची है।

### जानिए पूरा मामला...

प्रयागराज माघ मेले में 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के दिन शंकराचार्य और प्रशासन के बीच विवाद हुआ था। इसके 8 दिन बाद 24 जनवरी को जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। इसमें माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों से यौन शोषण के आरोप लगाए थे। पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए 8 फरवरी को स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में याचिका दाखिल की गई।


### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के मान से सर्वसाधारणा को सूचित किया जाता है कि मेरे कार ने एक दुकान जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 160/1 स्थित जवाहर मार्ग पटनी बाजार उज्जैन की तल घर (बसमेंट की होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 8.26 वर्गमीटर का है जसकी चर्तु सीमा निम्नानुसार है- पूर्व की और अन्य का भाग, पश्चिम की ओर- दुकान न्य की, उत्तर की ओर कामन पैहज दक्षिण की ओर मकान शुक्लाजी कार, लंबाई- उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 338 मीटर व चौडाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 13 मीटर का है उक्त दुकान हितेश कोठारी पिता इन्दरमलजी कोठारी निवासी लक्ष्मी विलास रजनगर कालोनी उज्जैन व देवेन्द्र पिता इन्दरमलजी कोठारी व दिव्यांश अवयस्क पुत्र वेन्द्र कोठारी निवासी सूरजनगर कालोनी उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व की है जिसमें हितेश कोठारी पिता इन्दरमलजी कोठारी का हिस्सा 1/2 का स्वत्व हित अधिकार है। हितेशकुमार उपरोक्त वर्णित दुकान में उसका जो 1/2 स्वत्व हित अधिकार हिस्सा है वह कय करने अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की जिस्ट्री कराई जाना है।

यदि उपरोक्त दुकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हो या दुकान कहीं भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, किया हुआ हो किसी बैंक अथवा पेढी में मार्गेज किया हो अथवा दुकान के संबंध में कोई वाद विवाद सी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या दुकान विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन से पांच दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद व्यावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके यात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो। दिनांक 25/2/2026 स्थान उज्जैन

**राजेंद्र कुमार जैन (पालरेचा) अधिवक्ता एवं नोटरी**
**51. स्नेह दीप, दादाभाई नौरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मोबा० नं0 94250-91124, 8959999299**

## दावा- अफगानिस्तान के हमले में 55 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत:

# 19 चौकियों पर कब्जा; PAK बोला- हमने पलटवार में 72 तालिबानी लड़ाके मारे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अफगानिस्तान

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान पर गुरुवार देर रात हमला कर दिया है। कुनार प्रांत में तालिबान लड़ाकों के हमले में पाकिस्तानी सेना के 55 जवान मारे गए हैं। यह जानकारी टोलो न्यूज ने तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के हवाले से दी है। अफगान सरकार का दावा है कि 13 पाकिस्तानी सैनिकों के शव लौटा दिए गए हैं। पाकिस्तानी सेना के एक हेडक्वॉर्टर और 19 चौकियों पर भी कब्जा कर लिया है।

अफगानिस्तान के डिप्टी स्पोक्सपर्सन, हमदुल्ला फितरत ने कहा कि कुछ पाकिस्तानी सैनिकों को जिंदा पकड़ लिया गया, जबकि दर्जनों हथियार, एक टैंक और एक हार्वेस्टर जब्त कर लिया गया है। वहीं पाकिस्तानी मीडिया ने लिखा है कि पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन 'गजब लिल हक' शुरू किया है। पाकिस्तान की वायुसेना ने नंगरहार प्रांत में हवाई हमले किए हैं।

उनके मुताबिक अब तक 72 अफगान तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 120 से ज्यादा घायल हुए हैं। 16 तालिबान चौकियां तबाह कर दी गई हैं और 7 पर कब्जा कर लिया गया है।

### कई बॉर्डर इलाकों में अभी भी संघर्ष जारी

नंगरहार, नूरिस्तान, कुनार, खोस्त, पक्तिया और पक्तिका जैसे बॉर्डर इलाकों में दोनों पक्षों में संघर्ष जारी है। ये चौकियां नंगरहार के गोश्ता जिले और कुनार प्रांत में डूरंड लाइन के पास स्थित है। पाकिस्तान ने 22 फरवरी को अफगानिस्तान के भीतरी इलाकों में हवाई हमले किए थे। उसका कहना था कि ये हमले पाकिस्तानी तालिबान और इस्लामिक स्टेट से जुड़े ठिकानों पर किए गए हैं।

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने बताया था कि यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी और जरूरत पड़ने पर आगे भी ऐसे ऑपरेशन किए जाएंगे।

### पाकिस्तान ने TTP और ISIS के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी

इससे पहले रविवार को पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी। पाकिस्तान के उप गृह मंत्री तलाल चौधरी ने दावा किया था कि सीमावर्ती इलाकों में ळळढ के ठिकानों पर कार्रवाई में कम से कम 70 लड़ाके मारे गए। बाद में पाकिस्तानी अखबार डॉन ने यह संख्या 80 तक पहुंचने का दावा किया था।

### तालिबान ने कहा था वक्त आने पर कड़ा जवाब देंगे

अफगानिस्तान ने इन हमलों की कड़ी निंदा की थी। तालिबान का कहना था कि हमलों में आम नागरिकों को निशाना बनाया गया। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, नंगरहार में एक घर पर हमले के बाद एक ही परिवार के 23 लोग मलबे में दब गए थे।

वहीं, अफगान रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि पाकिस्तान को 'सही समय पर कड़ा जवाब' दिया जाएगा। मंत्रालय ने इन हमलों को देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया था। पाकिस्तान लंबे समय से तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि ळळढ अफगानिस्तान से ऑपरेट हो रहे हैं, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इनकार करती रही है।



### पाकिस्तानी शिया मस्जिद में जुमे की नमाज के दौरान ब्लास्ट हुआ था

पाकिस्तान ने सोमवार को जब अफगानिस्तान में एयरस्ट्राइक की थी, इससे कुछ घंटे पहले खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में सुरक्षा काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक, जिनमें एक लेफ्टिनेंट कर्नल भी मारे गए। 16 फरवरी को पाकिस्तान के बाजौर में विस्फोटकों से भरी गाड़ी सुरक्षा चौकी से टकरा दी गई थी। इस हमले में 11 सैनिक और एक बच्चे की मौत हुई। अधिकारियों ने हमलावर को अफगान नागरिक बताया था। इससे पहले 6 फरवरी को इस्लामाबाद में जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद (इमामबाड़ा) में आत्मघाती हमला हुआ था। पाकिस्तानी अखबार द डॉन के मुताबिक, हमले में 31 लोगों की मौत हो गई है और 169 घायल हुए हैं।

## अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द 5 लाख घरों की बिजली गुल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन



अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

### पाक आतंकी संगठन चैटजीपीटी, क्लाउड-जैमिनी के खिलाफ

पाकिस्तानी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा ने अपने लगभग 5 हजार मदरसों में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) टूल्स के खिलाफ फतवा जारी किया है। यहां पर लगभग 12 लाख छात्र पढ़ते हैं। दरअसल, ये एआई टूल्स जैसे चैटजीपीटी, क्लाउड, जैमिनी और ग्रोक इस्लाम धर्म से जुड़े सवालों के उदारवादी जवाब दे रहे थे। जबकि इन मदरसों में मौलवियों द्वारा धर्म की कट्टरपंथी व्याख्या छात्रों को बताई जाती है, जो कुरान अथवा हदीस के अनुरूप नहीं होती है। जबकि एआई टूल्स अपने डेटाबेस के इनपुट से सही व्याख्या कर छात्रों को बता रहा है। जैश और लश्कर ने अपने नए आदेश में छात्रों को कहा है कि वे मौलवियों से क्लास में धर्म से जुड़े सवाल व्यक्तिगत रूप से पूछें।

## अमेरिका का दावा-चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने सोमवार को कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली।




## अमेरिकी उपराष्ट्रपति बोले- ईरान आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़: सनकी और क्रूर शासन को परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दे सकते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वॉशिंगटन

मिडिल ईस्ट में अमेरिकी वॉरशिप और सैनिकों की तैनाती के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान को सख्त संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की कूटनीति को कमजोरी न समझा जाए और जरूरत पड़ी तो सैन्य विकल्प भी इस्तेमाल होगा। वेंस ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की धमकियों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। फॉक्स न्यूज से बातचीत में वेंस ने कहा- हमें ऐसी स्थिति में पहुंचना होगा जहां ईरान, जो दुनिया में आतंकवाद का सबसे बड़ा गढ़ है, परमाणु आतंकवाद से दुनिया को धमकी न दे सके। सनकी, क्रूर और दुनिया के सबसे खतरनाक शासन को परमाणु हथियार रखने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प कूटनीतिक समाधान चाहते हैं, लेकिन उनके पास अन्य विकल्प भी मौजूद हैं और वे उनका इस्तेमाल करने की इच्छा दिखा चुके हैं।



जेडी वेंस
उपराष्ट्रपति, अमेरिका

अली खामेनेई
सुप्रीम लीडर, ईरान

ट्रम्प ने बुधवार को संसद में अपने संबोधन के दौरान आरोप लगाया था कि ईरान अमेरिका तक मार करने में सक्षम मिसाइलें विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिकी हमलों के बाद अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा करने की कोशिश कर रहा है।

### वेंस बोले- बातचीत का अंतिम फैसला ट्रम्प के हाथ में है

जब वेंस से पूछा गया कि क्या ईरान के सर्वोच्च नेता को हटाना भी अमेरिका का लक्ष्य है, तो उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए अंतिम फैसला राष्ट्रपति ट्रम्प करेंगे।

### ईरान और अमेरिका के बीच तीसरे दौर की बातचीत आज

यह बयान ऐसे समय में आया है जब ईरान और अमेरिका के अधिकारी गुरुवार यानी आज जिनेवा में तीसरे दौर की बातचीत करेंगे। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अरागची अपनी टीम के साथ जिनेवा पहुंच चुके हैं। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मिडिल ईस्ट दूत स्टीव विटकॉफ करेंगे। वॉशिंगटन इस बीच ह्यमैक्सिमम प्रेशरह्न अभियान के तहत नए प्रतिबंधों की भी तैयारी कर रहा है। ईरान ने जिनेवा वार्ता से पहले अमेरिकी दबाव की रणनीति को खारिज किया। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने ट्रम्प के बयानों को झूठ बताया और उन पर दुष्प्रचार अभियान चलाने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कई बार चेतावनी दी है कि वार्ता विफल होने पर अमेरिका सैन्य कार्रवाई कर सकता है। क्षेत्रीय देशों को आशंका है कि ऐसा कदम संघर्ष को जन्म दे सकता है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | श्रे | जुं | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सौ | थी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | य | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...


0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# बांग्लादेशी राष्ट्रपति का आरोप-यूनुस ने उन्हें हटाने की कोशिश की

# विदेशी दौरे रद्द किए, अमेरिका से व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी



**बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने एक इंटरव्यू में अंतरिम सरकार के पूर्व मुखिया मोहम्मद यूनुस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार गिरने के बाद बनी अंतरिम सरकार ने उन्हें हटाने की कोशिश की थी।**

शाहबुद्दीन ने बताया कि 8 अगस्त 2024 को उन्होंने ही यूनुस को पद की शपथ दिलाई थी और यूनुस 16 फरवरी 2026 तक वास्तविक प्रधानमंत्री की तरह काम करते रहे। उन्होंने कहा कि यूनुस सरकार ने दो बार उनके विदेश दौरे रद्द कर दिए। एक बार कोसोवो जाने से रोका गया और दूसरी बार कतर के अमीर के निमंत्रण पर विदेश मंत्रालय ने यह कहकर पत्र भेज दिया कि राष्ट्रपति व्यस्त हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें चुनाव से कुछ दिन पहले किए गए बांग्लादेश-अमेरिका व्यापार समझौते की जानकारी भी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसे किसी भी समझौते की जानकारी राष्ट्रपति को देना संवैधानिक जिम्मेदारी होती है, लेकिन यूनुस ने ऐसा नहीं किया।

## राष्ट्रपति मोहम्मद शाहबुद्दीन ने 8 अगस्त 2024 को मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार के मुखिया की शपथ दिलाई थी

## कहा- 'मेरा हाल ऐसा था जैसे मैं अपने घर में नजरबंद था'

मोहम्मद शाहबुद्दीन ने कहा कि करीब 18 महीने तक मेरा हाल ऐसा था जैसे मैं अपने ही सरकारी घर बंगाभवन में नजरबंद था। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से यह परंपरा रही है कि राष्ट्रपति ईद उल फितर और ईद उल अजहा की नमाज नेशनल ईदगाह मैदान में पढ़ते हैं, लेकिन मुझे वहां जाने की इजाजत नहीं दी गई।


राष्ट्रपति ने कहा कि सुरक्षा विभाग की ओर से उन्हें साफ बता दिया गया था कि वे नेशनल ईदगाह में नमाज पढ़ने नहीं जा सकते। उन्होंने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस ने 14 विदेश यात्राएं कीं लेकिन उन्हें इलाज के लिए भी विदेश जाने की इजाजत नहीं दी गई। राष्ट्रपति ने बताया कि उनकी बायपास सर्जरी सिंगापुर के नेशनल यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में हुई थी और एक साल बाद फॉलो अप के लिए जाने की इजाजत मांगी थी, लेकिन विदेश मंत्रालय ने सीधे मना कर दिया उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कहा गया कि जरूरत पड़ी तो डॉक्टर को विदेश से बुला लिया जाएगा लेकिन उन्हें बाहर जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि लंदन के केंब्रिज पार्कवे अस्पताल में अपॉइंटमेंट होने के बावजूद उन्हें वहां भी जाने की अनुमति नहीं मिली।

## शाहबुद्दीन बोले- यूनुस ने संविधान का पालन नहीं किया

शाहबुद्दीन ने आरोप लगाया कि यूनुस ने संविधान के किसी प्रावधान का पालन नहीं किया और अंतरिम सरकार ने ऐसे अध्यादेश पास किए जिनकी जरूरत नहीं थी। यूनुस अपने विदेशी दौरों की जानकारी भी उन्हें नहीं देते थे और 14-15 बार विदेश गए, लेकिन कभी राष्ट्रपति को नहीं बताया। उन्होंने 22 अक्टूबर 2024 की उस रात का जिक्र किया जब भीड़ ने राष्ट्रपति भवन ह्यबंगाभवनह्ल को घेर लिया था और उन्हें हटाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि वह रात उनके लिए बेहद डरावनी थी।

### 18 मंत्रियों की संपत्ति में इजाफा; यूनुस की प्रॉपर्टी 12 करोड़ हुई, पेरिस जाने की तैयारी में

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद गठित मोहम्मद यूनुस सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया है। सरकार के मुखिया यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपए हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टॉप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है। दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी है। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं। इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवॉर्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के क्षेत्र में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे।



आईटी मंत्री रहे फैज अहमद तैयब यूनुस सरकार के दौरान बांग्लादेश आए थे

### अमेरिका ने बांग्लादेश पर टैरिफ घटाकर 19% किया

**बांग्लादेश और अमेरिका ने फरवरी 2026 में एक नया व्यापार समझौता किया है। इसका मकसद है कि दोनों देश एक-दूसरे से ज्यादा सामान खरीदें-बेचें और व्यापार के रिश्ते मजबूत करें। यह सिर्फ टैरिफ कम करने का मामला नहीं है, बल्कि दोनों देश अपने बाजार को एक-दूसरे के लिए थोड़ा और खोलने पर भी राजी हुए हैं। इस समझौते के तहत अमेरिका ने बांग्लादेश से आने वाले कई सामान पर लगने वाला टैरिफ घटाकर करीब 19% कर दिया है, जो पहले 35% तक था।**

इसका सीधा फायदा यह होगा कि बांग्लादेश के कपड़े और दूसरे उत्पाद अमेरिका में पहले से सस्ते बिक सकेंगे। खासकर रेडीमेड गारमेंट इंडस्ट्री को इससे बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि अमेरिका उसका बड़ा ग्राहक है।

बदले में बांग्लादेश भी अमेरिका से ज्यादा सामान खरीदेगा, जैसे तेल-गैस, अनाज और कुछ सैन्य उपकरण। मतलब साफ है दोनों देशों ने तय किया है कि वे एक-दूसरे के साथ व्यापार बढ़ाएंगे।

## PM तारिक रहमान को ईमानदार और सौम्य बताया

शाहबुद्दीन ने कहा कि जब उन्हें हटाने की कोशिश हो रही थी, तब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (इठढ) के एक सीनियर नेता ने उन्हें समर्थन का भरोसा दिया। उस नेता ने कहा कि वे संवैधानिक व्यवस्था बनाए रखना चाहते हैं और किसी भी असंवैधानिक तरीके से राष्ट्रपति को हटाने के पक्ष में नहीं हैं।

राष्ट्रपति ने मौजूदा प्रधानमंत्री और इठढ प्रमुख तारिक रहमान को ईमानदार और सौम्य बताया। उन्होंने कहा कि इठढ और उसके सहयोगियों के अलावा सेना की तीनों शाखाओं के प्रमुखों ने भी उनका पूरा समर्थन किया। उनके मुताबिक, सेना प्रमुखों ने कहा कि वे सिक्योरिटी फोर्सेज के प्रमुख हैं और उनकी हार का मतलब पूरी सेना की हार होगी।

इससे पहले दिसंबर 2025 में उन्होंने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स से कहा था कि वे अंतरिम सरकार के दौरान खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे थे और चुनाव के बाद इस्तीफा देना चाहते थे। शाहबुद्दीन 24 अप्रैल 2023 को बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने थे उनका कार्यकाल अप्रैल 2028 तक है।


## यूनुस के खिलाफ जांच आयोग बैठा सकती है रहमान सरकार

यह पहली बार नहीं है जब मोहम्मद यूनुस पर इस तरह के आरोप लगे हैं। एक हफ्ते मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि मोहम्मद यूनुस के सरकार में रहते हुए उनके मंत्रियों की संपत्ति में उछाल आया था। खुद यूनुस की संपत्ति में एक साल में लगभग 11% की बढ़ोतरी हुई थी।

यूनुस की संपत्ति अब कुल साढ़े 12 करोड़ रुपए हो गई है, इसमें लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए का उछाल आया है। अंतरिम सरकार के टॉप 4 मंत्रियों में सबसे ज्यादा संपत्ति की वृद्धि यूनुस की हुई है।

दूसरे नंबर पर आवास मंत्री अदिलुर रहमान की संपत्ति में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की वृद्धि हुई। यूनुस के 21 में से 18 मंत्रियों की संपत्ति बढ़ी। सूत्रों के अनुसार नए पीएम रहमान अंतरिम सरकार के मंत्रियों की संपत्ति में इजाफे की जांच के लिए कमेटी गठित कर सकते हैं।

इस सब के बीच यूनुस अब फिर से पेरिस में बसने की तैयारी में हैं। बता दें कि यूनुस बांग्लादेश के एकमात्र नोबेल अवॉर्ड विजेता हैं। बांग्लादेश में माइक्रो फाइनेंस के सेक्टर में बड़ा नाम यूनुस का शेख हसीना सरकार के दौरान भ्रष्टाचार के मामले दर्ज हुए थे। लेकिन यूनुस ने अपनी सरकार बनने पर केस वापस कर लिए थे।



■ वर्ष-12 अंक-116 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 27 फरवरी, 2026

## सुभाषितानि

श्रमेण लभ्यं सकलं न श्रमेण विना क्वचित्।
सरलाङ्गुलि संघर्षात् न निर्याति घनं घृतम्।।

**भावार्थ** : शरीर द्वारा मन से किया गया कार्य श्रम कहलाता है। बिना मेहनत के जीवन का कोई मतलब नहीं है, बिना मेहनत के न तो शिक्षा है और न ही पैसा। बिना मेहनत के खाया गया खाना भी बेस्वाद होता है। इसलिए हमें हमेशा मेहनत करनी चाहिए। मेहनत से ही देश, समाज और परिवार का विकास होता है।

काकतालीयवत्प्राप्तं दृष्ट्वापि निधिमग्रतः।
न स्वयं दैवमादत्ते पुरुषार्थमपेक्षते।।

**भावार्थ** : भाग्य से भले ही कोई खजाना सामने पड़ा हुआ दिखाई दे, भाग्य उसे हाथ नहीं लगाता, कुछ प्रयास उसे बढ़ाने के लिए अभी भी अपेक्षित है।


## सम्पादकीयम्

### बाङ्ग्लादेशस्य हटिस्थितिः

गतिरोधः अद्यापि अस्ति। बाङ्ग्लादेशस्य सर्वकारः, बोर्डः च भारते न क्रीडितुं दृढाः सन्ति। क्रीडायाः भावनायाः आहतः : बाङ्ग्लादेशेन स्वक्रीडकानां सुरक्षाविषये चिन्ता उत्पन्ना, अन्तर्राष्ट्रीयक्रिकेटपरिषदः प्रतिवेदने एतादृशी किमपि चिन्ता निरस्तं भवति। यथार्थतः एषः निर्णयः क्रीडायाः आधारेण न अपितु भूराजनीतेः आधारेण कृतः, यत् क्रिकेट्-क्रीडायाः भावनायाः सर्वथा विरुद्धम् अस्ति। बाङ्ग्लादेशे एव सर्वाधिकं हानिः भविष्यति इति वरिष्ठः खिलाडी तमिम इकबाल पूर्वमेव व्यक्तवान् अस्ति। वित्तीयहानिः बाङ्ग्लादेशस्य निर्णयेन आगामिषु आईसीसी-कार्यक्रमेषु, द्विपक्षीयश्रृङ्खलासु, अन्यैः बोर्डैः सह सम्बन्धेषु च प्रभावः भवितुम् अर्हति। बीसीबी चिरकालात् आर्थिकरूपेण संघर्षं कुर्वन् अस्ति, यदि विश्वकपं त्यजति तर्हि आईसीसीशुल्कस्य राजस्वस्य च भागं नष्टं भविष्यति। एतत् पादे स्वयमेव निपातनम् इव अस्ति। अवसरस्य गमनम्: बाङ्ग्लादेशः १९८६ तमे वर्षे प्रथमं एकदिवसीयक्रीडां कृतवान्। किन्तु चतुर्दशकेभ्यः अनन्तरम् अपि प्रमुखदलेषु स्वस्थानं स्थापयितुं न शक्तवान् अस्य कार्यप्रदर्शनम् अत्यन्तं अस्थिरं वर्तते, अस्य एकं कारणं प्रमुखावकाशानां अभावः अस्ति। बाङ्ग्लादेशादिदलानां कृते विश्वकपः एव मञ्चः यत्र तस्य क्रीडकाः प्रदर्शनं कर्तुं शक्नुवन्ति, सम्पूर्णविश्वस्य ध्यानं च आगन्तुं शक्नुवन्ति।

### अम्बानी इत्यनेन उक्तं यत कृत्रिमबुद्धेः विषये

# एआइ एतादृशी व्यवस्था नास्ति या मानवश्रमस्य उन्मूलनं करिष्यति




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

लघुव्यापाराः च उत्तमव्यापारनिर्णयान् कर्तुं समर्थाः भविष्यन्ति। अम्बानी इत्यनेन उक्तं यत् कृत्रिमबुद्धेः विषये व्यक्तानि चिन्तानि सन्तुलितदृष्ट्या द्रष्टव्यानि। तस्य मते एआइ एतादृशी व्यवस्था नास्ति या मानवश्रमस्य उन्मूलनं करिष्यति, अपितु कार्यस्य वेगं गुणवत्तां च वर्धयति इति साधनम् अस्ति। सः एआइ इत्येतत् आधुनिकं अक्षयपात्रम् इति वर्णितवान् यत् एतत् ज्ञानस्य, उत्पादकतायां, अवसरानां च अनन्तं स्रोतः भवितुम् अर्हति इति। सः मन्यते यत् एआइ उच्चकुशलरोजगारस्य नूतनावकाशान् सृजति, भारतस्य युवानः वैश्विकरूपेण प्रतिस्पर्धां च करिष्यति।

कार्यक्रमस्य आरम्भे अम्बानी प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य विकसितभारतस्य दृष्टिः उद्धृत्य अवदत् यत् एआधारितः विकासः २०४७ तमवर्षपर्यन्तं भारतस्य विकसितराष्ट्रत्वस्य लक्ष्याय नूतनं गतिं प्रदास्यति। सः अवदत् यत् डिजिटलभुगतानम्, आधारः, प्रत्यक्षलाभहस्तांतरणम् इत्यादिभिः उपक्रमैः भारतं विशिष्टा डिजिटलपरिचयः प्राप्तः, अधुना कृत्रिमगुप्तचरः अग्रिमराष्ट्रीयः भवितुम् अर्हति इति आधारभूतसंरचना। तेषां मते एषा उपक्रमः न केवलं भारतस्य कृते अपितु वैश्विकदक्षिणस्य देशानाम् अपि प्रेरणादायकः आदर्शः सिद्धः भवितुम् अर्हति।

जियो इत्यस्य घोषणया भारतस्य प्रौद्योगिकीप्रतिस्पर्धा वैश्विकरूपेण सुदृढा भवितुम् अर्हति इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते। सम्प्रति एआइ-क्षेत्रे अमेरिका-चीन-देशयोः अग्रणीः इति गण्यते, यूरोपीय-देशाः अपि महत्त्वपूर्णं निवेशं कुर्वन्ति। अस्मिन् समये भारते विशालनिवेशः, स्थानीयभाषा-आधारित-एआइ-मञ्चानां विकासः च वैश्विक-नक्शे देशं नूतनस्थानं प्राप्तुं शक्नोति परन्तु विशेषज्ञाः अपि मन्यन्ते यत् अस्मिन् परिवर्तने कौशलविकासः, आँकडासुरक्षा च सम्बद्धानां नीतीनां सुदृढीकरणस्य आवश्यकता भविष्यति। जामनगरे प्रस्तावितं एआइ डाटा सेण्टर पार्कं देशस्य औद्योगिक-इतिहासस्य महत्त्वपूर्णा परियोजना इति मन्यते। बहु-गीगावाट् क्षमतायुक्तं आधारभूतसंरचना न केवलं घरेलुमागधां पूरयिष्यति अपितु भविष्ये निर्यातयोग्यानां डिजिटलसेवानां आधाररूपेण अपि कार्यं कर्तुं शक्नोति। यदि एषा परियोजना समये एव सम्पन्ना भवति तर्हि भारतं एआइ आधारभूतसंरचनायाः क्षेत्रे आत्मनिर्भरतायाः।

### डिजिटलविज्ञानप्रौद्योगिक्याः

## स्थापनायै वैज्ञानिकसहकार्यं च महत्त्वपूर्णसम्झौताः कृताः संक्रामकरोगाणां

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

स्वास्थ्यं प्रौद्योगिक्यं च सम्बध्दयन् नवीदिल्लीनगरस्य एम्स-नगरे स्वास्थ्ये एआइ-इत्यस्य समर्पितं भारत-फ्रेञ्च-केन्द्रस्य उद्घाटनं कृतम्। तदतिरिक्तं डिजिटलविज्ञानप्रौद्योगिक्याः चयापचयस्वास्थ्यविज्ञानस्य च संयुक्तकेन्द्राणां स्थापनायाः घोषणा कृता। विज्ञानप्रौद्योगिकीविभागस्य फ्रांसीसीसंस्थायाः च मध्ये उन्नतसामग्रीकेन्द्रस्य स्थापनायै वैज्ञानिकसहकार्यं च महत्त्वपूर्णसम्झौताः कृताः संक्रामकरोगाणां वैश्विकस्वास्थ्यसंशोधनस्य च विषये एकत्र कार्यं कर्तुं द्वयोः देशयोः आशयपत्रे अपि हस्ताक्षरं कृतम्।

अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, कूटनीतिकसंवादः च इति विषये सम्झौताः अभवन् द्विपक्षीयव्यापारस्य निवेशस्य च सुविधायै भारतस्य फ्रान्सस्य च मध्ये द्विकरपरिहारसम्झौते एकः प्रमुखः संशोधनप्रोटोकॉलः योजितः अस्ति। स्टार्टअप पारिस्थितिकीतन्त्रे, नवीनतायां, नवीकरणीय ऊर्जायां च सहकार्यं कर्तुं टी-हब-नोर्ड्-फ्रांस्-योः मध्ये सामरिकसाझेदारी सहमतिः कृता अस्ति भारतस्य संचारमन्त्रालयस्य (डाकविभागस्य) फ्रान्सदेशस्य लापोस्टे च मध्ये महत्त्वपूर्णखनिजधातुविषये संयुक्तघोषणायां महत्त्वपूर्णं आशयपत्रं च हस्ताक्षरितम् अस्ति भविष्यस्य क्षितिज २०४७ मार्गचित्रस्य नियमितरूपेण समीक्षां कर्तुं उच्चस्तरीयसाझेदारी च निर्वाहयितुम् द्वयोः देशयोः विदेशमन्त्रिणां मध्ये वार्षिकसंवादः अपि स्थापितः अस्ति नवीकरणीय ऊर्जाक्षेत्रे अपि पर्यावरणविचारं गृहीत्वा सहकार्यसम्झौतेः नवीनीकरणं कृतम् अस्ति।

## इन्स्टाग्रामः एकं अलर्टं निर्गमिष्यति : यदि किशोरवयस्काः पुनः पुनः 'आत्महत्या'

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

सामाजिकमाध्यममञ्चः इन्स्टाग्रामः किशोरवयस्कानाम् रक्षणार्थं प्रमुखं कदमम् अङ्गीकृतवान् अस्ति। कम्पनी गुरुवासरे घोषितवती यत् यदि कश्चन किशोरः अल्पकालस्य अन्तः आत्महत्या वा आत्महत्या वा सम्बद्धान् शब्दान् बहुवारं अन्वेषयति तर्हि तस्य मातापितरौ सचेष्टिताः भविष्यन्ति। नूतनं विशेषता कथं कार्यं करिष्यति? इदं अलर्ट केवलं तेषां अभिभावकानां कृते एव उपलभ्यते ये इन्स्टाग्रामस्य अभिभावकनिरीक्षणकार्यक्रमे नामाङ्कनं कृतवन्तः। सूचनाः ईमेल, एसएमएस, अथवा व्हाट्सएप् मार्गेण प्रेषिताः भविष्यन्ति-मातापितृणा प्रदत्तायाः सम्पर्कसूचनायाः आधारेण। तेषां इन्स्टाग्राम खाते अपि सूचना दृश्यते। पूर्वमेव कानि रक्षणानि स्थापितानि सन्ति? इन्स्टाग्रामः पूर्वमेव किशोरखातेषु अन्वेषणपरिणामेषु आत्महत्यायाः अथवा आत्महत्यासम्बद्धानां सामग्रीनां अवरुद्धं करोति।

## राशिफल

**मेष** : आज मन थोड़ा बेचैन रह सकता है। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आ सकता है, रिएक्शन देने से पहले सोच लेना बेहतर रहेगा।

**वृषभ** : आज माहौल आपके फेवर में रहेगा। काम में पॉजिटिव फील आएगी और लोगों से सपोर्ट मिलेगा।

**मिथुन** : आज दिमाग तेज चलेगा। नए आइडिया आएंगे और लोगों से बात करके चीजें क्लियर होंगी।

**कर्क** : आज भावनाएं थोड़ी ज्यादा हावी रहेंगी। किसी अपने की बात दिल को लग सकती है।

**सिंह** : आज कॉन्फिडेंस अच्छा रहेगा। लोग आपकी बात सुनेंगे और आपकी इमेज मजबूत होगी।

**कन्या** : कामकाज में फोकस बना रहेगा। जो ठान लोगे, उसे पूरा करने का मन रहेगा। सीनियर या बड़े लोगों से फायदा मिल सकता है।

**तुला** : आज काम का प्रेशर ज्यादा रह सकता है। छोटी-छोटी बातों में उलझने से दिन खराब हो सकता है, इसलिए प्रैक्टिकल रहो।

**वृश्चिक** : आज दिमाग में कई बातें चलेंगी। नए प्लान बनेंगे, लेकिन सब एक साथ करने की कोशिश मत करना।

**धनु** : आज रिश्तों में बैलेंस बनाकर चलना जरूरी है। किसी से बहस हो सकती है, लेकिन समझदारी से बात संभल जाएगी।

**मकर** : आज मन थोड़ा भारी रह सकता है। पुरानी बातें याद आ सकती हैं या किसी की कमी महसूस हो सकती है।

**कुंभ** : आज मूड बेहतर रहेगा। बाहर निकलने या कुछ नया करने का मन बनेगा। नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**मीन** : आज मन शांत रहेगा। अपने काम में लगे रहोगे और बेवजह की बातों से दूरी बनाकर रखोगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# 11 मार्च से बदलेंगे इन राशियों के सितारे, जीवन में आएगी खुशियों की बौछार

गुरु बृहस्पति 11 मार्च 2026 से मिथुन राशि में मार्गी होंगे। उनका मार्गी गोचर पांच राशियों के जातकों के लिए विशेष शुभ रहेगा। इस समय करियर, व्यवसाय और धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे। रुके हुए कार्य पूरे होंगे और भाग्य का साथ मिलेगा, जिससे जीवन में समृद्धि और सफलता का दौर शुरू होगा।

वैदिक ज्योतिष में गुरु बृहस्पति को ज्ञान, भाग्य, धन, संतान, विवाह और आस्था का कारक माना जाता है। वर्तमान में गुरु मिथुन राशि में वक्री होकर यानी उल्टी चाल में हैं, और उनकी गति तेज होने के कारण वे पहले की तुलना में जल्दी-जल्दी राशियों में गोचर करेंगे। मार्च 2026 में गुरु मिथुन राशि में मार्गी होंगे, जिससे उनकी ऊर्जा और प्रभाव और अधिक सकारात्मक रूप से दिखाई देगा। इस ज्योतिषीय स्थिति से न केवल सामान्य जातकों पर प्रभाव पड़ेगा, बल्कि कुछ विशेष राशियों के लिए यह समय उनके भाग्य को खुला और संपन्न करने वाला साबित होगा।

वैद्रिक पंचांग के अनुसार, गुरु की सीधी चाल 11 मार्च 2026 की सुबह 08:58 बजे से प्रभावी होगी। गुरु के मार्गी होते ही पांच राशियों के जातकों के लिए यह उनके करियर, कारोबार और वित्तीय मामलों में सफलता और अपार धन लाभ का अवसर लेकर आएगा। इस समय उन्हें नए अवसर और योजनाओं में तेजी से सफलता मिलने की संभावना है। आइए जानते हैं कि कौन-सी हैं वे पांच राशियां जो गुरु की इस चाल से सबसे अधिक लाभान्वित होंगी।

**मेष राशि-** मेष राशि के जातकों के लिए मार्च 2026 में गुरु की सीधी चाल अत्यंत लाभकारी साबित होगी। इस समय आपके करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे और कामकाज में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। नौकरी में प्रमोशन या व्यवसाय में लाभ मिलने की संभावना बन रही है। पुराने निवेश अब लाभ देने लगेंगे और वित्तीय स्थिति मजबूत होगी। परिवार में खुशहाली और सहयोग का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, हालांकि छोटी-छोटी चीजों का ध्यान रखना आवश्यक है। यह समय योजना बनाने और नए प्रोजेक्ट या व्यवसायिक विचारों को लागू करने के लिए भी अनुकूल रहेगा।

**वृषभ राशि-** वृषभ राशि के जातकों के लिए गुरु की मार्गी चाल से भाग्य के दरवाजे खुलने वाले हैं। इस अवधि में धन लाभ की संभावना बनी रहेगी और व्यापार या नौकरी में सफलता मिल सकती है। संपत्ति और निवेश से लाभ मिलेगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति का माहौल रहेगा और घर में सहयोग का भाव रहेगा। शिक्षा और अध्ययन में रुचि बढ़ सकती है, जिससे नई जानकारी और कौशल सीखने का अवसर मिलेगा। पुराने अटके काम अब पूर्ण होंगे और सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी। इस समय सोच-समझकर निवेश करना और बड़े निर्णय लेना विशेष लाभदायक रहेगा।

**कन्या राशि-** कन्या राशि के जातकों के लिए गुरु का मार्गी होना नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और करियर में बदलाव या नए अवसर प्राप्त होंगे। व्यापारियों के लिए भी लाभ की संभावना बढ़ रही है। धन लाभ के साथ-साथ पारिवारिक संबंधों में सामंजस्य और सहयोग भी देखने को मिलेगा। परिवार में सुख-शांति और खुशहाली बनी रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन नियमित दिनचर्या और संतुलित भोजन से बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस समय नई योजनाओं पर काम करना, पुराने अटके काम पूरे करना और सीखने के अवसर प्राप्त करना शुभ रहेगा।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए गुरु का मार्गी होना विशेष रूप से शुभ रहेगा। भाग्य मजबूत रहेगा और मेहनत का फल स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। नौकरी या व्यवसाय में लाभ मिलने की संभावना है। धन लाभ के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा और सम्मान में भी वृद्धि होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और बच्चों या बुजुर्गों के सहयोग से काम सफल होंगे। यात्रा का योग भी बन सकता है। यह समय नए निवेश, व्यवसायिक निर्णय और करियर से जुड़े फैसले लेने के लिए अत्यंत अनुकूल रहेगा।

**मीन राशि-** मीन राशि के जातकों के लिए यह समय अत्यंत सकारात्मक और फलदायक रहेगा। गुरु की सीधी चाल से कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रमोशन या व्यवसाय में लाभ के संकेत हैं। धन की प्राप्ति होगी और पिछले लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। स्वास्थ्य में सुधार रहेगा और मानसिक स्थिति शांत और स्थिर रहेगी। परिवार में सामंजस्य और सहयोग बना रहेगा। सीखने और ज्ञान प्राप्त करने के अवसर अनुकूल होंगे। नए अवसर हाथ आएंगे और भाग्य आपका साथ देगा, जिससे सभी प्रयास सफल होंगे।

## खबर एक नजर...

### जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करता मिला आरोपी

**उज्जैन।** तीन माह पहले जिलाधीश के आदेश पर पंवासा थाना क्षेत्र के पाण्ड्याखेड़ी में रहने वाले बदमाश राहुल पिता नारायणसिंह पंवार 24 वर्ष को आपराधिक गतिविधियों के चलते जिले की सीमा से बाहर किया गया था। बुधवार-गुरुवार रात गश्त के दौरान बदमाश पुलिस को क्षेत्र में ही घूमता दिखाई दिया। थाना प्रभारी गमरसिंह मण्डलोई, एसआई नितेश मिठौरा, सैनिक गोवर्धनलाल ने बदमाश की घेराबंदी की और उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी मंडलोई ने बताया कि बदमाश राहुल को 21 नवंबर 2025 को 6 माह की अवधि के लिए जिला उज्जैन एवं उससे लगे राजस्व जिले देवास, इन्दौर, शाजापुर, रतलाम, मन्दसौर, धार एवं आगर-मालवा की सीमाओं में प्रवेश करने से प्रतिबंधित किया गया था। बावजूद इसके वह क्षेत्र में घूमता हुआ पाया गया है। जिलाधीश के आदेश का उल्लंघन करने पर जिलाबदर बदमाश के खिलाफ मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14, 15 का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है। 2 दिन पहले भी पंवासा थाना पुलिस ने बिना अनुमति के जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले जिला बदर बदमाश मोहसिन मंसूरी को गिरफ्तार कर मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के मामले में जेल भेजा था।

### देर रात तक दुकान खोलकर बैठे थे 4 दुकानदार

**उज्जैन।** देवास गेट थाना पुलिस ने एक बार फिर देर रात तक दुकान खोलकर बैठने वाले 4 दुकानदारों को पकड़ा और उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र में कई दुकानदार रात भर दुकान खुली रखते हैं, जिनके यहां बेवजह की भीड़ लगी रहती है। असामाजिक तत्व और आपराधिक प्रवृत्ति के लोग भी शामिल रहते हैं। थाना पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में दुकानदारों को हिदायत देकर कार्रवाई की जा रही है। बीती रात पुलिस ने देर रात तक दुकान खुली रखने वाले बबल पिता कन्हैयालाल, सतीश पिता नीलमसिंह, प्रेमसिंह और कमलेश पवार को पकड़ा। चारों चाय पोहे और पराठे की दुकान लगाते हैं। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा में कार्रवाई की गई है। कुछ दिन पहले ही पुलिस द्वारा पान की दुकान चलाने वालों को पकड़ा था जो दुकान का शटर बंद कर जेब में पाउच गुटखा भरकर बेच रहे थे। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से देर रात तक दुकान खुली रखने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

### पुराने केस में राजीनामा नहीं करने की बात पर विवाद

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र के ग्राम गुराड़ा में रहने वाले दयाराम पिता अमर 40 साल और उसके पड़ोसी बद्री पिता करण पटेल 45 साल के बीच पूर्व में विवाद हो गया था। मामला पुलिस तक पहुंचा था। विवाद को लेकर बद्री ने राजीनामा करने के एवज में दयाराम को रुपए भी दिए थे। लेकिन दयाराम ने राजीनामा नहीं किया। गुरुवार दोपहर को बद्री अपने साथियों के साथ दयाराम के यहां पहुंचा और राजीनामा नहीं करने पर रुपए वापस देने की बात कही। इसी को लेकर दोनों में फिर से विवाद हो गया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामला एक बार फिर उन्हेल थाना पुलिस के पास पहुंचा, पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रॉस प्रकरण दर्ज किया है। दयाराम का आरोप था कि बद्री और उसके साथियों ने मारपीट कर जाति सूचक शब्द कहें। वही बद्री ने आरोप लगाया पुराने केस में राजीनामे की बात को लेकर दयाराम ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 250-7 | 489-1 |
| मेन बाजार | 779-3 | 246-2 |
| मिलन डे | 578-0 | 888-4 |
| मिलन नाइट | 689-3 | 199-9 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 9 |

### मैरिज ब्यूरो पर दबिश, कोर्ट में पेश कर तीन दिनों की रिमांड पर संचालक

# रिश्ता करने के नाम से लोगों से करता था ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भोले भाले लोगों को रिश्ता करने के नाम पर ठगी करने वाला मैरिज ब्यूरो संचालक पुलिस की गिरफ्त में आ गया। कई शिकायतों के बाद पुलिस ने दबिश दी थी। संचालक को कोर्ट में पेश कर तीन दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारे के समीप मिनी चौपाटी पर किराए के मकान में कई दिनों से श्री शुभारंभ संस्था नाम से मैरिज ब्यूरो चलाया जा रहा था। जहां के लिए रिश्ता दिखाने के नाम पर पंजीयन किया जाता था और हजारो रुपए फीस वसूली जाती थी। सालभर पहले सीहोर के रहने वाले विष्णुदास बैरागी ने संस्था की जानकारी मिलने पर परिवार के साथ आकर रिश्ता दिखाने की बात कही। विष्णुदास के परिवार से पंजीयन के नाम पर 16 हजार रुपए लिया गए। सालभर बाद भी रिश्ता तय नहीं कराया गया। बुधवार को विष्णु दास ने अपने साथ धोखाधड़ी का आभास होने पर मामले की शिकायत माधवनगर थाना पुलिस से की। पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज किया गया और थाना प्रभारी राकेश भारती ने एसआई शालिगराम चौहान को मामले की जांच सौंपी। एसआई ने टीम के साथ मिनी चौपाटी पहुंच शुभारंभ संस्था पर दबिश मारी। जहां से गोपाल पिता सोहन सिंह को हिरासत में लिया गया। वहीं संस्था कार्यालय से दस्तावेज और मोबाइल फोन भी जप्त किये। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर 1 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है। आरोपी के गिरफ्त में आने पर उसके द्वारा की गई ठगी और धोखाधड़ी के कुछ और लोग सामने आए हैं।

**अलग-अलग वसूलता था पंजीयन राशि-** एसआई चौहान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि शुभारंभ संस्था चलाने वाला आसपास जिले और अन्य राज्यों के लोगों को अपने झांसे में लेता था, जिले के आसपास क्षेत्र से आने वाले लोगों से पंजीयन के नाम पर 11 हजार रुपए पंजीयन राशि वसूलता था, दूसरे राज्य और प्रदेशों से आने वाले लोगों से 16 हजार से 21 हजार तक पंजीयन राशि लेता था। रिमांड अवधि में पूछताछ के दौरान कई मामले उजागर हो सकते हैं। जप्त दस्तावेजो और मोबाइल की भी जांच की जा रही है।

#### 12 रिश्ते दिखाने की करता था बात

विष्णु दास बैरागी की बहन ने बताया कि शुभारंभ संस्था की जानकारी परिचित से मिली थी। सालभर पहले उज्जैन आए थे, उस दौरान मैरिज ब्यूरो में कुछ अन्य लोग भी थे। गोपालसिंह बातचीत के दौरान 12 रिश्ते दिखाने की बात कही थी। पसंद आने पर शादी का रिश्ता तय करने के लिए कहा था। कुछ दिन बाद फोटो दिखाए गए। एक लड़की पसंद भाई विष्णु के लिए बातचीत आगे बढ़ाई गई। लड़की के परिवार वाले सीहोर आए और घर देखा। उन्होंने भी लड़का पसंद आने की बात कही और लौट गए। कुछ दिन बाद लड़की वालों ने शादी से मना कर दिया। गोपाल सिंह से बात की गई तो वह दूसरा रिश्ता दिखाने की बात कहकर टाल मटोल करता रहा। साल भर बाद भी रिश्ता नहीं होने पर रुपए मांगे तो आनाकानी करने लगा।

### बाइक का बिगड़ा संतुलन

# 13 माह के मासूम की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नाना और मां के साथ ननिहाल आ रहे मासूम की गुरुवार को हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। नाना और मां घायल है। हादसा बाइक का संतुलन बिगड़ने पर होना सामने आया है। कोतवाली थाना पुलिस ने मासूम का पोस्टमार्टम कराया।

कोतवाली थाना एसआई गोपाल राठौर ने बताया कि चरक अस्पताल से 13 माह के मासूम दक्ष पिता सुरेश पुरी की मौत होने और नाना दशरथ पिता जगन्नाथ 60 साल के साथ मासूम की मां धापू बाई पति सुरेश पुरी 27 साल के घायल होने की सूचना मिली थी। मासूम की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया और अस्पताल पहुंचकर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान सामने आया कि मासूम राजस्थान के झालावाड़ का रहने वाला था। महिदपुर के ग्राम ढाबला रेवारी में रहने वाले नाना दशरथ अपने नाती और बेटी धापू बाई को लेने झालावाड़ गए थे। जहां से तीनों एक बाइक पर सवार होकर महिदपुर लौट रहे थे। रास्ते में झारड़ा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग स्थित ग्राम मकला में अचानक नाना की बाइक का संतुलन बिगड़ गया। नाना को बीपी की शिकायत है जिसके चलते उन्हें चक्कर आए थे। तीनों बाइक से गिर गए थे मासूम के सिर में गंभीर चोट लगी थी। नाना और मासूम की मां भी घायल हुए हैं। पोस्टमार्टम के बाद मासूम का शव महिदपुर ले गए है। मृत मासूम परिवार का एकलौता पुत्र था।

# जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बुधवार-गुरुवार रात कस्बा भ्रमण पर निकली बड़नगर थाना पुलिस को खबर मिली कि उज्जैन-बड़नगर फोरलेन रोड रसुलाबाद ब्रिज के पहले ग्राम मौलाना में एक व्यक्ति प्लास्टिक की कैन में कच्ची शराब लेकर किसी का इंतजार कर रहा है।

उज्जैन-बड़नगर फोरलेन रोड रसुलाबाद ब्रीज के पहले मौलाना में एक व्यक्ति प्लास्टिक की कैन जिसमें शराब लेकर खडा है किसी जाने का इंतजार कर रहा है । जिसमें शराब लेकर खडा है किसी जाने का इंतजार कर रहा है। भ्रमण कर रहे थाना प्रभारी अशोक पाटीदार, एएसआई राजेन्द्रसिंह हाडा, प्रधान आरक्षक रामनारायण चौहान, राहुल सिंह राठोर, आरक्षक अजय चौहान, महेश मोर्य, के साथ साथ ग्राम मौलाना के लिए रवाना हो गए। जहां कुछ देर की सर्चिंग के बाद संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसके पास प्लास्टिक की कैन थी, उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।

कैन की तलाशी लेने पर उसमें दुर्गंध युक्त केमिकल भरा होना सामने आया। पूछताछ करने पर व्यक्ति ने जहरीली कच्ची शराब होना कबूल किया। शराब बरामद होने पर उसे थाने नाम पूछने पर उसने अक्षय उर्फ खली पिता विक्रम पाटीदार 29 साल निवासी मौलाना का होना बताया। 10 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद होने पर आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार आरोपी का अपराधिक रिकॉर्ड देखने पर पूर्व में भी मारपीट का प्रकरण दर्ज होना सामने आया। जहरीली शराब के मामले में गुरुवार कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

# मंदसौर के युवकों से बरामद हुआ मादक पदार्थ डोडाचूरा

### कोटा जाने की फिराक में पहुंचे थे खाचरोद रेलवे स्टेशन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

चेकिंग के दौरान खाचरोद पुलिस ने गुरुवार को रेलवे स्टेशन के पास खड़े दो संदिग्ध युवको को शंका के आधार पर पकड़ा और उनके बैग की तलाशी ली तो उसमें मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। दोनों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी का मामला दर्ज कर 5 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

खाचरोद थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया ने बताया कि चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन के पास बंद पड़ी होटल के पास दो युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए थे। दोनों को शंका के आधार पर हिरासत में लिया गया और उनके पास मौजूद बेग की तलाशी ली गई। बैग में मादक पदार्थ डोडाचूरा भरा होना सामने आया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपने नाम गोपाल पिता हरीश पाटीदार 22 वर्ष और दिनेश पिता जगदीश पाटीदार 24 वर्ष निवासी ग्राम खजुरिया सारंग, थाना भावगढ़, जिला मंदसौर होना बताएं। उनके पास से बरामद डोडाचूरा 17 किलो 200 ग्राम कीमत 86 हजार पाया गया। दोनों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। गुरुवार दोपहर पेश कर 3 मार्च तक रिमांड पर लिया गया है।



**कोटा जाने की फिराक में थे दोनों-** थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों कोटा जाने के लिए खाचरोद रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। डोडा चूरा उन्हें ग्राम खजुरिया में रहने वाले जीतू नायक ने दिया था और कोटा पहुंचने पर संबंधित व्यक्ति की जानकारी देकर उसे देने की बात कही थी। जीतू नायक का नाम सामने आने पर पुलिस द्वारा मंदसौर पहुंचकर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जाएंगे। फिलहाल इस बात का पता लगाया जा रहा है कि मादक पदार्थ तस्करी में दोनों के साथ कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं। दोनों का आपराधिक रिकॉर्ड पता करने पर सामने आया कि गिरफ्त में आया गोपाल पूर्व में मादक पदार्थ तस्करी मामले में पंजाब पुलिस की गिरफ्त में आ चुका है। दिनेश पहली बार ही डिलीवरी के लिए साथ आया था।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com